# घटती घटना

सत्य के साथ...जनहित में बात...

अम्बिकापुर,वर्ष 22, अंक - 07- शुक्रवार 07- नवम्बर 2025,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये ,www.ghatati-ghatana.com,RNI Reg.No.- CHHHIN/2004/15050,डाक पंजीयन. क्रं. 13/Surguja DN/ 2023-2025


## बिहार विधानसभा चुनाव : पहले फेज में 121 सीटों पर 60.25 प्रतिशत वोटिंग

**पटना,06 नवम्बर 2025।** बिहार में गुरुवार को पहले चरण में 18 जिलों के 121 निर्वाचन क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक रिकार्ड 60.18 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग की ओर से यह आकड़े जारी किए गए हैं। मतदाताओं ने 1,314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद कर दिया । सबसे ज्यादा बेगूसराय में 67.32 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया है। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। मधेपुरा में 65.74 प्रतिशत, सहरसा में 62.65 प्रतिशत,दरभंगा में 58.38 प्रतिशत,मुजफ्फरपुर में 65.23 प्रतिशत, गोपालगंज में 64.96 प्रतिशत, सीवान में 57.41 प्रतिशत, सारण में 60.90 प्रतिशत, वैशाली में 59.45 प्रतिशत, समस्तीपुर में 66.65 प्रतिशत, बेगूसराय में सर्वाधिक 67.32 प्रतिशत, खगड़िया में 60.65



प्रतिशत,मुंगेर में 54.90 प्रतिशत, लखीसराय में 62.76 प्रतिशत,शेखपुरा में न्यूनतम 52.36 प्रतिशत, नालंदा में 57.58 प्रतिशत,पटना में 55.02 प्रतिशत,भोजपुर में 53.24 प्रतिशत, और बक्सर में 55.10 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सबसे अधिक बेगूसराय में और सबसे कम पटना में मतदान हुआ। नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड के डीहरी पंचायत स्थित मुसहरी गांव में ग्रामीणों ने अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया।

### सम्राट बोले...पहले फेज की 121 सीटों में से 100 जीत रहे...

सम्राट चौधरी ने कहा, '121 सीट में से लगभग 100 सीट के आसपास एनडीए जीत रही है। 2010 के रिजल्ट को हम ब्रेक करेंगे। महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी भी चुनाव हार रहे हैं। लालू परिवार का कोई भी व्यक्ति इस चुनाव जीत कर नहीं आएगा।'

### सीवान में टॉर्च की लाइट में वोटिंग

सीवान के गरौली में वोट बहिष्कार के कारण सुबह से वोटिंग नहीं हुई। शाम साढ़े 5 बजे मतदाता पहुंचे। अब लाइन में लगे वोटर्स अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। बूथ पर रोशनी की व्यवस्था नहीं है, इसलिए टॉर्च की लाइट में वोट डाले जा रहे हैं।

## राजग शासन में बिहार को जंगल राज से मिली मुक्ति : अमित शाह

**बेतिया,06 नवम्बर 2025 ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को बेतिया के रामनगर विधानसभा क्षेत्र के खैरवा टोला मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया और लोगों से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी मतों से जीताने का आह्वान किया। इस विधानसभा सीट पर दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होना है। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग शासन काल में बिहार जंगलराज से मुक्त हुआ है। पिछले 20 वर्षों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने बिहार को जंगलराज से मुक्त कराने का काम किया है। 2005 से पहले लालू-राबड़ी के 15 वर्षों के शासनकाल का हाल जनता से छुपा नहीं है, जब बिहार



में हर तरफ हत्या, लूट अपहरण और घोटाला का राज था। लेकिन आज डबल इंजन की सरकार में बिहार ही नहीं, पूरा देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। राजग ?सरकार के नेतृत्व में जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। गृह मंत्री ने कहा कि चम्पारण, जहां कभी अपहरण उद्योग का धंधा चलता था, आज यहां का चतुर्दिक विकास हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में घुस कर आतंकियों का सफाया करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राजग की सरकार देश के महिलाओं को रोजगार उन्मुख व सशक्त बनाने को लेकर कई परियोजनाएं चला रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में एक करोड़ तीस लाख जीविका दीदियों के खाते में 10-10 हजार रुपये देकर उन्हें छोटे रोजगारों से जोड़ने काम किया है।

## ईडी का बड़ा एक्शन : सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त



**नई दिल्ली,06 नवम्बर 2025।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने 'वनएक्सबेट' मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व क्रिकेटर्स सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ रुपए की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त कर ली है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से जब्त की गई संपत्ति में सुरेश रैना के नाम से 6.64 करोड़ के म्यूचुअल फंड और शिखर धवन की 4.5 करोड़ रुपए की संपत्ति शामिल है। ईडी की जांच में पता चला कि दोनों खिलाड़ियों ने वनएक्सबेट के अवैध होने की जानकारी के बावजूद इसके प्रतिनिधियों का समर्थन किया था। इसके साथ ही एजेंसी ने 1 हजार करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले का खुलासा किया है। इसमें 6,000 से ज्यादा म्यूचुअल खाते और कई असत्यापित भुगतान गेटवे शामिल हैं। ईडी ने अब तक 4 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि और 60 बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं। फिलहाल आगे की जांच जारी है। ईडी के अनुसार, दोनों खिलाड़ियों ने वनएक्सबेट और उससे जुड़े सरोगेट ब्रांड्स का जानबूझकर प्रचार किया। इससे भारत में अवैध सट्टेबाजी को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही खिलाड़ियों ने विदेशी कंपनियों के साथ प्रचार अनुबंध किए और उनका भुगतान विदेशी माध्यमों की मदद से लेयर ट्रांजैक्शन के जरिए कराया। अवैध फंड्स की असल पहचान भी छिपाई गई।

## भारत और न्यूजीलैंड जल्द ही एफटीए को अंतिम रूप देंगे : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली,06 नवम्बर 2025।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है। पीयूष गोयल ने उम्मीद जताई कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री अपने समकक्ष टॉड मैक्ले के साथ दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता की प्रगति की समीक्षा के लिए चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर न्यूजीलैंड पहुंचे हैं। गोयल ने कहा कि मेरा मानना है कि यह एक ऐतिहासिक यात्रा है, क्योंकि हम बहुत जल्द एफटीए को अंतिम रूप देने जा रहे हैं। उन्होंने अपने समकक्ष टॉड मैक्ले और दोनों पक्षों के मुख्य वार्ताकारों के साथ चल रही भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हमारी टीमें एक भविष्य-तैयार और संतुलित व्यापार समझौते की दिशा में काम कर रही हैं, जो हमारी संवेदनशीलताओं का सम्मान करते हुए आर्थिक संबंधों को गहरा करेगा, सहयोग के नए रास्ते खोलेगा और दोनों पक्षों के व्यवसायों और उपभोक्ताओं के लिए नए अवसर खोलेगा।उन्होंने आगे कहा कि दोनों पक्ष एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान कर रहे हैं। हमारी टीमों ने शानदार काम किया है।

### राहुल ने जिसकी फोटो दिखाई वह ब्राजीलियन मॉडल सामने आई

## कहा- क्या पागलपन है,मैं भारत नहीं गई,दावा...10 बूथ पर इनके 22 वोट

**नई दिल्ली,06 नवम्बर 2025।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीर दिखाई थी, उसका एक वीडियो सामने आया है। सोशल



मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई अकाउंट से महिला का वीडियो पोस्ट करते हुए दावा किया गया कि उनका नाम लेरिसा है। वीडियो में महिला पुर्तगाली भाषा में बात करते हुए कहती है-दोस्तों,मैं आपको एक जोक सुनाती हूं। यह बहुत ही भयानक है! भारत में वोट देने के लिए मेरी तस्वीर का इस्तेमाल हो रहा है।

## एनडीए घुसपैठिए को देश से निकालने में तो कांग्रेस और राजद उसे बचाने में लगी है : प्रधानमंत्री मोदी

**अररिया,06 नवम्बर 2025।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फारबिसगंज हवाई अड्डा मैदान में नौ विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में गुरुवार को चुनावी सभा को संबोधित किया। भारी संख्या में उमड़ी भीड़ से गदगद प्रधानमंत्री ने लालू राबड़ी के 15 साल के शासनकाल जमकर प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सबसे बड़ी चुनौती घुसपैठिए है। एनडीए सरकार एक एक घुसपैठियों का पहचान कर उसे देश से बाहर निकालने में लगी है तो कांग्रेस और राजद घुसपैठियों को बचाने के लिए तरह तरह की भ्रांतियां और झूठी बातों को फैला रहे हैं। उन्होंने घुसपैठिए के मामले में कहा कि राजद और कांग्रेस वालों को जब जब मौका मिला,घुसपैठियों को भारत का नागरिक बनाने में लगे रहे। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए देश के नागरिकों के हक पर



कब्जा कर रहे हैं। पीएम ने लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के शासन काल पर हमलावर होते हुए कहा कि 15 साल के उस जंगलराज वाले शासनकाल के आंकड़ा शून्य को याद कर लीजिए,जो उसका रिपोर्ट कार्ड है। 1990 से 2005 के शासनकाल में सरकार बनाने के नाम पर बिहार को लूटकर तबाह कर दिया गया। उन्होंने कहा कि एनडीए ने बहुत मुश्किल से जंगलराज से बिहार को बाहर निकाला है। एनडीए की सरकार नागरिकों की बेहतर जिंदगी को लेकर दृढ़ संकल्पित है। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए पीएम ने कहा कि कांग्रेस के नामदार को देश की आस्था से कोई मतलब नहीं रह गया है। कांग्रेस के नामदार छठी मईया की पूजा को ड्रामा बताते हैं और यह छठी मईया और आस्था का अपमान हुआ या नहीं। जो छठव्रती छठ पूजा के दौरान पानी तक नहीं पीते,उसे नौटंकी करार दे रहे हैं और ऐसे कांग्रेस के बयान पर राजद वालों के मुंह पर ताला लग जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि महाकुंभ का मजाक उड़ाने वाले राम मंदिर का विरोध करते हैं। प्रभु राम पर इसे विश्वास नहीं है।प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए। लेकिन वे जानते हैं कि ये लोग ऐसा घुसपैठियों के दवाब और वोट की राजनीति के लिए ऐसा करते हैं।

### एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी

मोदी ने कहा कि एक बार फिर से बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। आज पहले चरण का मतदान हो रहा है। बिहार की बेटियां अपने प्रदेश को जंगलराज से दूर रखने के लिए वोटिंग कर रही हैं। पीएम ने कहा कि, आरजेडी के पोस्टर में कांग्रेस के नामदार की कहीं तस्वीर लगी है क्या? इन दोनों पार्टियों में ही तनातनी चल रही है। कांग्रेस के नामदार बिहार आना भी नहीं चाहते थे, लेकिन इनको जबरदस्ती लाया गया है। पीएम ने कहा कि राजद वालों को फ फरौती, र से रंगदारी, प से परिवारवाद और घ से घोटाला ही सिखाया जाता है।

## बिहार सरकार को ब्यूरोक्रेट्स के साथ केंद्र की भाजपा सरकार चला रही है : राहुल गांधी

**अररिया,06 नवम्बर 2025।** अररिया आजाद एकेडमी के मैदान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को चुनावी सभा को संबोधित किया और बिहार सरकार के साथ केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिहार सरकार को ब्यूरोक्रेट्स के साथ केंद्र की भाजपा सरकार चला रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर बिहार में उद्योग स्थापित करने के लिए जमीन नहीं होने की बात बिहार सरकार करती हैं, दूसरी ओर अडानी को सौ एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का काम करती है। सरकार के कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री पर नफरत की राजनीति करने की बात कही। उन्होंने कहा कि



उच्च शिक्षा के लिए पैसे खर्च नहीं करना पड़े,ऐसी सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस दिन देश में इंडी गठबंधन की सरकार बन जाएगी,गारंटी है दुनिया की सबसे बेहतरीन यूनिवर्सिटी नालंदा यूनिवर्सिटी के तर्ज पर बिहार में यूनिवर्सिटी खोले जाएंगे जहां न केवल देश के बल्कि दूसरे देशों चीन, जापान, वियतनाम,फ्रांस,अमेरिका से शिक्षा ग्रहण करने बिहार आएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में नालंदा यूनिवर्सिटी का इतिहास पौराणिक और ऐतिहासिक रहा है। उस समय नालंदा यूनिवर्सिटी में चीन,जापान,वियतनाम,कोरिया,जर्मनी,फ्रांस जैसे देशों से लोग पढ़ने बिहार आते थे, और आज भी इन देशों से लोग बिहार आते हैं।

### जंगलराज तो दिल्ली में है : राहुल

राहुल गांधी ने जंगलराज के मामले में कहा कि नरेन्द्र मोदी,अमित शाह और नीतीश कुमार जंगलराज की बात करते हैं। जंगलराज तो दिल्ली में है। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का राज, नफरत का राज, गरीबों और किसानों से उनका हक छीनने का राज,मजदूरों को कुचलने वाला राज,नोटबंदी वाला राज,गलत जीएसटी वाला राज, बेरोजगारी वाला राज,ये सब हैं असली जंगलराज,जिसे भाजपा सरकार चलाती हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि जब बिहार में महागठबंधन की सरकार आयेगी तो सरकार में सबकी आवाज सुनी जाएगी।सबके हित की बात होगी। रोजगार दिलाने के साथ ही उच्च शिक्षा,स्वास्थ्य,सरकारी कॉलेज और यूनिवर्सिटी के साथ हाई क्वालिटी वाला इंग्लिश मीडियम वाली सरकारी स्कूल खोली जाएगी।

## मप्र के पीथमपुर की फैक्ट्री में आग लगने से दो लोग जिंदा जले

**धार,06 नवम्बर 2025।** मध्य प्रदेश के धार जिले में पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के इंडोरामा सेक्टर-3 स्थित लुब्रिकेंट ऑयल बनाने वाली शिवम इंडस्ट्रीज कंपनी में बुधवार देर रात लगी भीषण आग में दो लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई। गुरुवार को आग पूरी तरह बुझने के बाद जब फैक्टरी परिसर में जांच की गई, तो आयल टैंकर के अंदर दो कंकाल मिले। प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि ये फैक्टरी के ही कर्मचारी थे, जो आग की लपटों में फंस गए और बाहर नहीं निकल पाए। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार शिवम इंडस्ट्रीज में बुधवार रात करीब 8 बजे आग लगी। यह आग कंपनी के लुब्रिकेंट ऑयल टैंकर में लगी थी। वहां एक और टैंकर खड़ा था,



जिसकी वजह से आग तेजी से फैली। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। करीब 6 घंटे में आग पर काबू पाया गया। इसमें करीब 300 लीटर फोम और 10 फायर फाइटर से करीब एक लाख लीटर पानी लगा। ऐहतियात के तौर पर आसपास के सभी रास्ते बंद कर दिए गए थे। घटना की जानकारी मिलने पर पीथमपुर थाना प्रभारी सुनील शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए थे।

## भारत को बड़े और विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली,06 नवम्बर 2025।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि देश को बड़े और विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) और बैंकों के साथ चर्चा चल रही है। साथ ही उन्होंने भरोसा जताया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती से मांग बढ़ेगी और इससे कुल मिलाकर निवेश बढ़ेगा। मुंबई में 'आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करना' विषय पर 12वें एसबीआई बैंकिंग और इकोनॉमिक्स कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में इस बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय बैंकों की जरूरत पूरी करने पर काम शुरू हो चुका है। हम आरबीआई के साथ चर्चा कर रहे हैं। हम बैंकों के साथ भी चर्चा कर रहे हैं। 12वें एसबीआई बैंकिंग और इकोनॉमिक्स कॉन्क्लेव को



संबोधित करते हुए सीतारमण ने वित्तीय संस्थानों से उद्योग जगत के लिए कर्ज प्रवाह को बढ़ाने और व्यापक बनाने का आग्रह किया। सीतारमण ने कहा कि सरकार का मुख्य जोर बुनियादी ढांचे के निर्माण पर है। पिछले दशक में पूंजीगत व्यय में पांच गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2014 से व्यापार को सुगम बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधारों को आगे बढ़ाया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की और पिछले दशक में 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया।

### स्वदेशी हाइड्रोग्राफिक पोत 'इक्षक' को नौसेना ने अपने युद्धक बेड़े में शामिल किया

**नई दिल्ली,06 नवम्बर 2025।** भारतीय नौसेना ने अपनी जल सर्वेक्षण क्षमताओं को और मजबूत बनाने के लिए गुरुवार को कोच्चि के नौसेना बेस पर स्वदेशी हाइड्रोग्राफिक पोत 'इक्षक' अपने युद्धक बेड़े में शामिल किया है। दक्षिणी नौसेना कमान का हिस्सा बनने वाला यह सर्वेक्षण पोत समुद्री क्षेत्रों का अन्वेषण करने के साथ भारत की व्यापक समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करने के अपने मिशन को अंजाम देगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कमीशनिंग क्रू को बधाई देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि आप निडर भावना, साहस और दृढ़ता के साथ नाविकों को महासागरों के पार सुरक्षित मार्गदर्शन प्रदान करके 'इक्षक' के आदर्श वाक्य 'निर्भय वीर पथ प्रदर्शक' पर खरा उतरेंगे। नौसेना के मुताबिक अपनी श्रेणी के तीसरे पोत के रूप में 'इक्षक' का नौसेना में शामिल होना उन्नत, अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के निर्माण के प्रति नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## जो राम का नहीं,वह हमारे किसी काम का नहीं : योगी आदित्यनाथ

**सीतामढ़ी/पश्चिमी चंपारण, 06 नवम्बर 2025।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आज तीन जनसभाएं की। पहली रैली में परिहार से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार गायत्री देवी और सुरसंड से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के उम्मीदवार नागेंद्र राउत के लिए समर्थन मांगा, तो दूसरी रैली में प्रदेश की पूर्व उप मुख्यमंत्री और बेतिया से भाजपा उम्मीदवार रेणु देवी के लिए की कमल खिलाने तथा तीसरी रैली में बगहा से राम सिंह, राम नगर से नंद किशोर रामजी को जिताने की अपील की। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस पर जमकर निशाना भी साधा। योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को बदला है। जो काम



कांग्रेस 65-70 वर्ष में नहीं कर पाई, मोदी जी ने 11 वर्ष में कर दिया। 46 करोड़ बैंक अकाउंट खोल दिए गए, जिससे गरीबों, महिलाओं व लाभार्थियों का पैसा सीधे अकाउंट में जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और राजद की दलाली को रोक दिया है, इसलिए ये लोग मोदी जी को गाली देते हैं। उन्होंने कहा कि आज हो रहे मतदान के रूझान बता रहे हैं कि 14 नवंबर को फिर से राजग की सरकार बनेगी। बिहार की जनता अब ठगी के मायाजाल में नहीं फंसेगी। योगी आदित्यनाथ ने सीतामढ़ी में कहा कि जिन लोगों ने भगवान श्रीराम और माँ जानकी पर सवाल उठाए, उन्हें सबक सिखाना है, क्योंकि जो राम का नहीं है, वह हमारे किसी काम का नहीं है। बिहार में भी यूपी की तरह माफिया राज समाप्त होगा। जो खानदानी माफिया हैं, उनकी उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। जैसे उत्तर प्रदेश में माफिया पस्त हुआ, वैसे ही बिहार में भी राजग की सरकार बनते ही माफिया का अंत निश्चित है। उन्होंने लोगों को च्ताया कि 'माफिया को जब भी सत्ता का स्वाद चखाओ, तो कीमत चुकाओगे' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरी रैली में कहा कि राजद काल में इंजीनियर, डॉक्टर, बच्चे,व्यापारियों के साथ ही सड़क और पुल का भी अपहरण हो जाता था। पेशेवर माफिया और अपराधी इनके शागिर्द थे।

## संपादकीय

# बिना छात्र स्कूल

निस्संदेह,शिक्षा मंत्रालय की वह रिपोर्ट परेशान करने वाली है, जिसमें बताया गया है कि बीते शिक्षा सत्र में देश के आठ हजार सरकारी स्कूलों में किसी बच्चे ने दाखिला नहीं लिया। लेकिन विडंबना यह है कि इन स्कूलों में बीस हजार शिक्षक तैनात हैं। वहीं देश में हजारों स्कूल ऐसे हैं, जहां सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे सभी कक्षाएं चल रही हैं। वैसे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार तीस विद्यार्थियों पर एक शिक्षक अनिवार्य रूप से होना चाहिए, लेकिन इसकी अनदेखी करके हर जगह विसंगतियां नजर आती हैं। यही वजह है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में आठ हजार स्कूलों में एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया। यहां यह तथ्य उल्लेखनीय है कि बिना दाखिले वाले स्कूलों की सर्वाधिक संख्या पश्चिम बंगाल में है। यह संख्या 3,812 है, जो बेहद चौंकाने वाली बात है। स्थिति का दूसरा परेशान करने वाला तथ्य यह है कि इसी राज्य के बिना दाखिले वाले स्कूलों में बाकायदा करीब अठारह हजार शिक्षक तैनात हैं। कमोबेश तेलंगाना की स्थिति भी चिंताजनक है, जहां 2,245 स्कूल जीरो एडमिशन वाले हैं तथा एक हजार से ज्यादा शिक्षक यहां तैनात हैं। वहीं भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश, जिसका स्थान इस सूची में तीसरा है,वहां 463 स्कूलों में एक भी छात्र ने दाखिला नहीं लिया। बाकायदा 223 शिक्षक इन जीरो एडमिशन वाले स्कूलों में तैनात हैं। वैसे चौंकाने वाली बात यह है कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में इस बार के मुकाबले पांच हजार स्कूल अधिक ऐसे थे, जहां कोई विद्यार्थी दाखिल नहीं हुआ था। एक विसंगति यह भी है कि स्कूली शिक्षा राज्य सरकारों के अधीन होती है, अतः केंद्र सरकार का दखल इसमें नहीं होता। लेकिन राज्य सरकार व शिक्षा विभाग की नीतियों पर सवाल तो उठता ही है। इसके बावजूद केंद्रीय शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे शून्य दाखिले की परंपरा रोकने के लिये यथासंभव प्रयास करते रहें। बहरहाल, यहां एक सवाल यह भी है कि बिना दाखिले वाले स्कूलों के शिक्षक छात्रों को स्कूल में लाने के व्यक्तिगत प्रयास क्यों नहीं करते? वैसे कुछ राज्यों के शिक्षा विभाग ने इस दिशा में कुछ कदम भी उठाए हैं। जहां शिक्षा विभाग ने स्कूलों में छात्रों की कम संख्या को देखते हुए उनका समायोजन अधिक छात्र संख्या वाले स्कूलों में करके संतुलन साधने का प्रयास किया है। यहां हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ आदि के शिक्षा विभाग की सराहना करनी होगी, जहां एक भी स्कूल जीरो एडमिशन वाला नहीं था। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग ने राज्य भर के जीरो एडमिशन वाले 81 स्कूलों की मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया आरंभ की। इसका मानक यह होगा कि जहां पिछले लगातार तीन शैक्षणिक वर्षों में कोई छात्र दाखिल न हुआ हो।

एक परेशान करने वाला आंकड़ा यह भी है कि देश के एक लाख स्कूलों में केवल एक ही शिक्षक सभी कक्षाओं के छात्रों को पढ़ा रहा है, जिसमें करीब तैंतीस लाख छात्र अध्ययनरत हैं। जाहिर है वे छात्र क्या पढ़ रहे होंगे और उनका भविष्य क्या होने जा रहा है। यहां विचारणीय प्रश्न यह भी है कि छात्रों का सरकारी स्कूलों से मोहभंग क्यों हो रहा है? यह समाज विज्ञानियों के लिए अध्ययन का विषय होना चाहिए कि कम फीस व पर्याप्त शिक्षक व शिक्षण व्यवस्था के बावजूद छात्र इन स्कूलों में क्यों पढ़ना नहीं चाहते? यह विडंबना ही है कि जिन संस्थानों में नौकरी सुरक्षित और सुविधाएं पर्याप्त होती हैं, वहां कर्मचारी अपना बेहतर प्रदर्शन करते नजर नहीं आते। जबकि निजी स्कूलों में कम वेतन और कम सुविधाओं के बावजूद कर्मचारी जमकर मेहनत करते हैं। वहां शिक्षकों का खूब दोहन होता है लेकिन कक्षाएं छात्र-छात्राओं से भरी होती हैं। विडंबना यह भी कि अभिभावक ज्यादा फीस देकर भी संतुष्ट नजर आते हैं। अक्सर कहा जाता है कि जिस दिन सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों व नेताओं के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने लगेंगे, उस दिन सरकारी स्कूलों की दशा-दिशा सुधर जाएगी।

# स्वयं को गढ़ने की प्रक्रिया है मंडला आर्ट

**मंडला चित्र बनाना स्वयं को गढ़ने की प्रक्रिया है। जब कलाकार वृत्त बनाता है,तो वह ब्रह्मांड नहीं,अपने भीतर के अंधेरे में एक चित्र दीप जलाता है,जिसकी वर्तिका में वह अनंत की कलात्मक अभिव्यक्ति करता है। और शायद यही कला का,जीवन का, और आत्मा का परमात्मा से सम्मिलन है,जिसे फर्श पर, दीवार तथा छत पर सजाया जा सकता है...**



विवेक रंजन श्रीवास्तव

दरअसल मनुष्य जब अपने भीतर उतरता है तो सबसे पहले उसे एक बिंदु दिखाई देता है। यह बिंदु ही चेतना का केंद्र है, वहीं से उसकी कला, उसकी संवेदना, उसका ज्ञान और उसका संसार फैलता है। यही केंद्र जब वृत्ताकार आकार लेता है तो उसे हम मंडला कहते हैं। यह वृत्ताकार रचना किसी चित्रकला का मात्र रूपांकन नहीं, बल्कि आत्मा का ज्यामितीय विस्तार है। मंडला चित्रों का इतिहास मानव सभ्यता जितना पुराना है। भारत के बौद्ध और हिंदू दर्शन में यह ब्रह्मांड की रचना का प्रतीक रहा है। 'मंडल' का अर्थ ही होता है 'वृत्त', जिसमें केंद्र बिंदु ब्रह्म है और उससे प्रसारित होती ऊर्जा संसार की समग्रता का बोध कराती है। नेपाल, तिब्बत, चीन और जापान तक इसकी आध्यात्मिक ध्वनि सुनाई देती है। जब तिब्बती भिक्षु रंगीन रेत से मंडला चित्र बनाते हैं और फिर उसे हवा में बिखेर देते हैं, तो वह कला नहीं, जीवन का दर्शन बन जाता है , सृजन भी, और पुनः ब्रम्हांड में बिखर कर मिलन भी। आज की भाषा में कहें तो मंडला आर्ट ध्यान की एक दृष्टिगत तकनीक है। जहां शब्द नहीं,रेखाएं बोलती हैं। रंगों के माध्यम से मन अपने भीतर के संतुलन को खोजता है। एक-एक वृत्त अपने आप में आत्मसंवाद का प्रतीक है। जिस समय कलाकार इसे बनाता है, वह स्वयं अपने 'सेंटर' में होता है। इसीलिए यह कला मनोचिकित्सा और तनाव मुक्ति में भी प्रयोग की जा रही है। यूरोप और अमेरिका में इसे 'आर्ट थेरेपी' के रूप में अपनाया गया है। परंतु इस कला का वास्तविक सौंदर्य केवल उसकी ज्यामिति में नहीं, बल्कि उसकी अध्यात्मिकता में छिपा है। यदि आप किसी भी मंडला चित्र को ध्यान से देखें, तो पाएंगे कि हर आकृति भीतर से बाहर की यात्रा करती है। जैसे आत्मा शरीर में प्रवेश करती है, और फिर अनुभवों से गुजरते हुए अपने मूल स्रोत की ओर लौटती है। यह कला 'बाह्य' से 'आंतरिक' और 'आंतरिक' से 'परम' तक की यात्रा का प्रतीक बन जाती है। मंडला आर्ट का एक और रूप लोक में भी मिलता है। हमारी अल्पज्ञात ग्रामीण स्त्रियां जब आँगन में अल्पना या रंगोली बनाती हैं, तो अनजाने में वे भी ब्रह्मांड की इस ज्यामिति को जीती हैं। केंद्र में रखा दीपक, उसके चारों ओर फैलते रंग और सममिति,सब जीवन चक्र की याद दिलाते हैं। इसे शास्त्र न कहें तो भी यह सहज भारतीय संवेदना का प्रकट रूप है। आज जब डिजिटल युग में मनुष्य का ध्यान भंग हो रहा है, मंडला आर्ट मन को केंद्रित करने का माध्यम बनकर उभरा है। मोबाइल पर उंगलियों से रंग भरना भी किसी साधना से कम नहीं। अनेक ऐप्स पर लोग इसे बनाते हैं और अपने भीतर शांति खोजते हैं। कहीं यह कला ध्यान बन जाती है, तो कहीं सजावट। परंतु हर रूप में यह हमें भीतर झाँकने की प्रेरणा देती है। मंडला आर्ट केवल आध्यात्मिक नहीं,वैज्ञानिक भी है। इसकी रचनाओं में गणित का अनुपात, भौतिकी की समरूपता और मनोविज्ञान की गहराई एक साथ मिलती है। शायद इसी वजह से यह कला विश्व के कलाकारों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी है। जो कभी बौद्ध ग्रंथों के पृष्ठों पर सीमित थी,आज वही गैलरियों, डिज़ाइन स्टूडियो और स्कूलों की कक्षाओं में चर्चित हो चुकी है, एवं शोध का बिंदु है। यहां एक प्रश्न भी उठता है, क्या मंडला आर्ट की आधुनिक व्यावसायिकता उसके मूल भाव को कमजोर नहीं कर रही? जब यह कला ध्यान की साधना से हटकर महज 'डिज़ाइन' बन जाती है, तो कहीं न कहीं उसका आध्यात्मिक अर्थ छूट जाता है। मंडला आर्ट का उद्देश्य सौंदर्य प्रदर्शन नहीं, आत्मानुभूति है। यदि हम इसे केवल दीवार सजाने का उपकरण बना दें, तो वह उसी



तरह निरर्थक हो जाएगी जैसे मंदिर के दीपक में तेल न हो । मंडला कला हमें यह भी सिखाती है कि हर चीज का एक केंद्र होता है, हमारे विचारों का,भावनाओं का, समाज का, देश का। यदि वह केंद्र खो जाए, तो सारी संरचना बिखर जाती है। जिस प्रकार मंडला की एक रेखा गलत हो जाए तो कला चित्र का पूरा संतुलन बिगड़ जाता है, वैसे ही जब मानव अपने मूल मूल्यों से हट जाता है तो उसका जीवन असंतुलित हो जाता है। कला का यह रूप आधुनिक मनुष्य के लिए चेतावनी भी है और औषधि भी। जब सब दिशाएँ उलझ जाएँ, तो भीतर लौटकर अपने केंद्र को पहचानना ही मुक्ति का मार्ग है। मंडला यही कहता है, जहां से चले थे, वहीं लौटो। बिंदु से वृत्त और वृत्त से पुनः बिंदु की यात्रा में ही सृजन का रहस्य छिपा है।

मंडला आर्ट इसलिए केवल एक चित्र नहीं, बल्कि जीवन का सूत्र है। यह सिखाता है कि बाहरी जटिलताओं में खो जाने से बेहतर है कि हम अपने भीतर की सरलता खोजें। क्योंकि हर रंग, हर रेखा, हर आकार अंततः उसी केंद्र की ओर संकेत करता है जहां शांति है, मौन है, और पूर्णता है। एक महत्वपूर्ण बात मध्यप्रदेश में मंडला फोर्ट नाम का एक प्राचीन आदिवासी बाहुल्य आबादी का एक वन्य जिला भी है, जहां मां नर्मदा का मंडला नगर की मंडलाकार (लगभग अंग्रेजी के यू आकार में) परिक्रमा करता प्रवाह है।

# शिशु सुरक्षा के लिए उठाने होंगे ठोस कदम



रमेश सर्राफ धमोरा

हर साल 07 नवम्बर को शिशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए शिशु सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस प्रारंभिक स्वास्थ्य देखभाल, पोषण, टीकाकरण और माता-पिता की शिक्षा को बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर को कम करने पर केंद्रित है। दुनिया भर में लाखों शिशु अभी भी संक्रमण, कुपोषण और चिकित्सा सुविधा की कमी जैसे रोकथाम योग्य कारणों से मर जाते हैं। यह दिवस समाज और सरकारों को यह याद दिलाता है कि वे हर बच्चे के जीवन में एक स्वस्थ शुरुआत के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए और अधिक ठोस कदम उठाएँ। भारत और कई अन्य देशों में शिशु संरक्षण दिवस मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी पहलों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसे कार्यक्रम शिशुओं की प्रारंभिक देखभाल में सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह दिवस माता-पिता को स्वस्थ विकास सुनिश्चित करने के लिए उचित आहार,स्वच्छता और टीकाकरण के नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। नवजात शिशुओं की उचित सुरक्षा ना हो पाने के कारण दुनिया में बहुत सारे बच्चे मौत के आगोश में चले जाते है। हालांकि सरकार ने इसे रोकने कि दिशा में सार्थक प्रयास किये है। जिनकी बदौलत देश में शिशु मृत्यु दर में कमी आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के अनुसार देश 2030 तक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) प्राप्त करने की दिशा में बढ़ रहा है। भारत में नवजात बच्चों की मौतों के मामलों में सरकार के लिए बीते 77 साल बड़ी चुनौती भरे रहे हैं। हालांकि इसमें लगातार कमी आ रही है। देश में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और शिशु जन्म दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। 2023 की नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) रिपोर्ट के मुताबिक देश में शिशु मृत्यु दर न्यूनतम 25 पर आ गई है। 2013 में 40 के मुकाबले इसमें 37.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं शिशु जन्म दर में पिछले 10 साल में 14 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है। 2013 में ये दर 21.4 प्रतिशत थी अभी ये 18.4 प्रतिशत है। आइएमआर एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संकेतक है, जिसे एक वर्ष से कम आयु के पैदा होनेवाले प्रति 1,000 शिशुओं पर होनेवाली मौतों की संख्या के रूप में परिभाषित किया जाता है। यह संख्या जितनी कम होगी स्वास्थ्य सेवा की पहुंच उतनी ही बेहतर मानी जाएगी। एसआरएस रिपोर्ट के मुताबिक 1971 में शिशु मृत्यु दर के मुकाबले 2023 में 80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा बाल मृत्यु दर प्रति हजार पर 37 दर्ज की गई है। वहीं मणिपुर में ये आंकड़ा तीन का है। 21 राज्यों में केरल ही एकमात्र ऐसा प्रदेश है, जहां शिशु मृत्यु दर इकाई में दर्ज की गई है। राज्य में ये आंकड़ा 5 का है और मणिपुर के बाद ये दूसरे नंबर पर है।

रिपोर्ट में ग्रामीण क्षेत्रों में ये आईएमआर 44 से घटकर 28 पर आ गई है। वहीं शहरी इलाकों में 27 से घटकर 18 पर आंकी गई है। इस तरह 10 साल में इस दर में 36 प्रतिशत और 33 प्रतिशत की गिरावट क्रमशः दर्ज की गई है। शिशु जन्म दर में भी गिरावट का रुख रिपोर्ट में शिशु जन्म दर में भी गिरावट का रुख दर्ज किया गया है। ये दर जनसंख्या वृद्धि का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है। इसके तहत सालभर में प्रति हजार जनसंख्या पर जीवित शिशुओं की संख्या बताई जाती है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच दशकों में जन्म दर में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ये दर 1971 के 36.9 प्रतिशत से गिरकर 2023 में 18.4 प्रतिशत पर आ गई है। इस दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में शिशु जन्म दर करीब-करीब बराबर हो गई है। पिछले 10 वर्ष में जन्म दर 21.4 प्रतिशत से गिरकर 2023 में 18.4 प्रतिशत पर आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दशक में जन्म दर में लगभग 14 प्रतिशत की गिरावट आई है, जो 2013 में 21.4 से घटकर 2023 में 18.4 हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 11 प्रतिशत घटकर 22.9 से 20.3 हो गई है।

वहीं शहरी क्षेत्रों में यह 17.3 से घटकर 14.9 हो गई है, जो लगभग 14 प्रतिशत है। बिहार में 2023 में सबसे ज्यादा जन्म दर 25.8 दर्ज की गई, जबकि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह 10.1 के साथ सबसे कम पर था। रिपोर्ट में कहा गया है कि चंडीगढ़ में सबसे कम मृत्यु दर 4 और छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा 8.3 दर्ज की गई। भारत ने पिछले सात दशकों में भले ही चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति करते हुए शिशु मृत्यु दर पर काबू पाया है। लेकिन आज भी शिशुओं की मौत बड़ा सवाल है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम रिपोर्ट 2023 के अनुसार देश में शिशु मृत्यु दर में काफी सुधार देखा गया है। ये साल 2013 में हर 1000 जन्मे बच्चों में से 40 से घटकर अब 25 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। यानी कि मृत्युदर में 37.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। देश में स्वास्थ्य सम्बन्धी चीजों की कमी के कारण यह समस्या और बढ़ जाती है। सरकारों ने इस समस्या से निपटने के लिए बहुत सी योजनायें लागू की है। मगर बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा जागरूकता की कमी के कारण शिशुओं की मृत्यु दर में पूर्णतया कमी नहीं आई है। उचित पोषण के भाव में अब भी कई बच्चे दम तोड़ देते है। ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की कमी एवं प्रशिक्षित नर्सों व दाइयों की कमी के कारण भी विभिन्न प्रकार की समस्यायें उत्पन्न होती है। 2025-26 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का अनुमानित व्यय 99,859 करोड़ रुपए है। यह 2024-25 के संशोधित अनुमानों से 11% अधिक है। जो 2025-26 के लिए केंद्र सरकार के कुल बजट का लगभग 1.97 % है। यह राशि कम है इसे बढ़ाना होगा तभी भारत में नवजात शिशुओं की मौत पर रोक लगायी जा सकती है। शिशु सुरक्षा सिर्फ सरकार की ही नहीं वरन सभी की जिम्मेदारी है। सभी को एकजुट होकर इसके लिए आगे आना होगा तब जाकर हम अपने देश के शिशुओं की सुरक्षा के मामले में अन्य देशों की तुलना में ऊपरी पायदान पर आ पाएंगे। शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार शिशु जन्म के एक घंटे के भीतर मां का दूध पिलाना चाहिए। मा के गाढ़े पीले दूध में सर्वाधिक मात्रा में संक्रमण-रोधी तत्त्व मौजूद होता है। जिसे कोलोस्ट्रम कहा जाता है। इसमें बड़ी मात्रा में विटामिन ए के साथ 10 प्रतिशत तक प्रोटीन होता है। जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम होता है। 6 माह तक शिशुओं को केवल स्तनपान कराया जाना चाहिए। जिसमें मां के दूध के अलावा कोई अन्य दूध, खाद्य पदार्थ,पेय पदार्थ और यहां तक पानी भी नहीं पिलाना चाहिए। इससे शिशु डायरिया, निमोनिया,अस्थमा एवं एलर्जी से बचा रहता है।

जीडीपी के प्रतिशत के रूप में भारत के स्वास्थ्य खर्च को दुनिया के औसत और अन्य विकासशील और विकसित देशों से काफी नीचे छोड़ देता है। भारत का खर्च नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देशों से तो ज्यादा है।

मगर यूनाइटेड किंगडम, न्यूज़ीलैंड, फ़िनलैंड, नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की तुलना में जो अपने कुल सकल घरेलू उत्पाद का 9 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य पर खर्च करते हैं उनसे भारत बहुत पीछे है। इसी तरह, जापान, कनाडा, स्विट्ज़रलैंड, फ्रांस, जर्मनी स्वास्थ्य सेवाओं पर अपनी कुल जीडीपी का कम से कम 10 प्रतिशत खर्च करते हैं। वहीं अमेरिका अपनी जीडीपी का करीब 16 फीसदी स्वास्थ्य पर खर्च करता है। बजट में स्वास्थ्य आवंटन में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली और प्रौद्योगिकी में सुधार पर जोर देना चाहिए। स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।



श्याम सुंदर साहू प्राचार्य
राजिम जिला गरियाबंद
(छ.ग.)

## कदम बढ़ा के चलता चल तू यूं ही आगे बढ़ता चल

चारों ओर दहकते अंगारे हैं
रखते पांव सुलझते सारे है
अंगार दहकते इस पथ पर
कदम बढ़ा के चलता चल
तू यूं ही आगे बढ़ता चल।।

जब हवा आंधी तूफान आए
तेरे सम्मुख ये टिक न पाए
हिम्मत को हाथ में लेकर
कदम बढ़ा के चलता चल
तू यूं ही आगे बढ़ता चल।।

साथ देने कोई नहीं आएगा
तुझे अकेले ही चलना होगा
मन में आत्मविश्वास भरकर
कदम बढ़ा के चलता चल
तू यूं ही आगे बढ़ता चल।।

आसमान से बादल छटेगा
मंजिल तुझे जरूर मिलेगा
लक्ष्य को सीने में रखकर
कदम बढ़ा के चलता चल
तू यूं ही आगे बढ़ता चल।।

मतकर अधीर अपने मन को
मेहनत से तपा अपने तन को
मन को तू काबू में रखकर
कदम बढ़ा के चलता चल
तू यूं ही आगे बढ़ता चल।।

## एआई अनिवार्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता स्कूल पाठ्यक्रम का हिस्सा होनी चाहिए?

विजय गर्ग



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दैनिक जीवन, उद्योगों और अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से एक महत्वपूर्ण बहस शुरू हुई है: क्या स्कूल पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में एआई को आधिकारिक तौर पर पेश किया जाना चाहिए? वकीलों का तर्क है कि यह भविष्य की तैयारी के लिए आवश्यक है, जबकि आलोचकों ने नैतिकता, न्याय और मौलिक कौशल पर प्रभाव को लेकर वैध चिंताएं उठाई हैं। स्कूलों में एआई के लिए मामला: भविष्य-प्रूफिंग शिक्षा पाठ्यक्रम में एआई को एकीकृत करना मुख्य रूप से छात्रों को एआई-चालित दुनिया और रोजगार बाजार के लिए तैयार करने के लिए एक आवश्यक कदम के रूप में समर्थित है।

**कार्य के भविष्य की तैयारी:** एआई साक्षरता - यह समझना कि एआई कैसे काम करता है, इसके अनुप्रयोग और इसकी सीमाएं - जल्द ही एक मौलिक कौशल होगा। इसे जल्दी पेश करने से यह सुनिश्चित होता है कि छात्र केवल प्रौद्योगिकी के उपयोगकर्ता ही नहीं बल्कि सूचित निर्माता और नवप्रवर्तक भी हों।

**निजीकृत शिक्षण:** एआई उपकरण व्यक्तिगत छात्र प्रदर्शन, सीखने की शैली और गति का विश्लेषण कर सकते हैं, जिससे शिक्षकों को अत्यधिक वैयक्तिकृत और अनुकूलन योग्य शिक्षा प्रदान करने की अनुमति मिलती है। इससे छात्रों को पीछे नहीं छोड़ा जा सकता और न ही उन्हें चुनौती दी जा सकती है।

**शिक्षक कार्यभार को सुव्यवस्थित करना:** एआई शिक्षकों के लिए समय लेने वाले प्रशासनिक कार्यों को स्वचालित कर सकता है, जैसे कि पाठ योजनाएं उत्पन्न करना, त्वरित प्रश्नोत्तरी बनाना और कम ब्याज वाली असाइनमेंट पर प्रारंभिक प्रतिक्रिया प्रदान करना। इससे शिक्षकों को सार्थक मानवीय बातचीत, मार्गदर्शन और जटिल शैक्षणिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति मिलती है।

**आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देना (एआई साक्षरता):** एआई सिखाना केवल कोडिंग के बारे में नहीं है; यह महत्वपूर्ण विचार और डेटा साक्षरता विकसित करने के बारे में है। छात्रों को एआई-जनित आउटपुट पर सवाल उठाना, पूर्वाग्रहों की पहचान करना, सूचनाओं का सत्यापन करना ( 'हल्लूसिनेशन' के जोखिम के कारण), और प्रौद्योगिकी के नैतिक प्रभावों को समझना सीखना होगा। चिंताएं: नैतिक और व्यावहारिक चुनौतियां वादा के बावजूद, एआई को एकीकृत करना महत्वपूर्ण नैतिक, रसद और शैक्षणिक चुनौतियों का सामना करता है जिन्हें सावधानीपूर्वक संबोधित किया जाना चाहिए।

**पूर्वाग्रह और नैतिक चिंताएं:** एआई प्रणाली केवल उन डेटा के समान ही अच्छी होती हैं जिन पर उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है। यदि डेटा पक्षपातपूर्ण है (उदाहरण के लिए, जाति या लिंग पर आधारित सामाजिक पूर्वाग्रह को प्रतिबिंबित करता है), तो एआई का उत्पादन मौजूदा सामाजिक असमानताओं को स्थायी बना सकता है या बढ़ा भी सकता है। छात्रों को एल्गोरिथम पूर्वाग्रह की पहचान करने और कम करने के लिए सिखाया जाना चाहिए आल्गोरिदम पूर्वाग्रह अवधारणा का चित्रण।

**अत्यधिक निर्भरता और कौशल क्षरण का जोखिम:** निबंध लिखने या समस्याओं को सुलझाने जैसे कार्यों के लिए एआई पर अधिक निर्भरता छात्रों की आलोचनात्मक सोच, अनुसंधान कौशल और मौलिकता के विकास को कमजोर कर सकती है। शिक्षकों को चिंता है कि गहरी शिक्षा के लिए आवश्यक प्रयास और समय से बचकर विषयों की सतही समझ हो सकती है।

## समय पर पता चलने पर संभव है कैंसर का निदान



योगेश कुमार गोयल

किसी भी व्यक्ति के लिए कैंसर एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे मरीजों में आशा की नई उम्मीद जगाने, लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने,प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 7 नवम्बर को 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में यह महज एक दिवस भर नहीं है बल्कि कैंसर से लड़ रहे उन तमाम लोगों में नई चेतना का संचार करने और नई उम्मीद पैदा करने का विशेष अवसर भी है।

भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो इसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में एक बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है। यह भी जान लें कि 'कैंसर' आखिर है क्या? जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिकाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता हैं।

## अब्बा,डब्बा,जब्बा नहीं अब अप्पू,टप्पू,पप्पू...



वर्ष 1997 में एक फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म का नाम था 'जुदाई'। मुख्य रोल में थे सुपरस्टार अनिल कपूर और लेडी सुपर स्टार श्रीदेवी। दोनों सुपरस्टारों के साथ जबरदस्त भूमिका में थी रंगीला गर्ल उर्मिला मातोंडकर। जो लोग 40 से बड़ी उम्र के है, अधिकांश फिल्मप्रेमियों ने ये फिल्म टीवी या सिनेमा में अवश्य देखी होगी। फिल्म की कहानी तो उस समय की सुपरहिट थी ही, सो उसकी चर्चा करने की जरूरत ही नहीं है। जरूरत है फिल्म के एक सुपरहिट डायलॉग 'अब्बा डब्बा जब्बा' पर चर्चा करने की। मूक बधिर महिला के निभाए गए आइकॉनिक रोल में इस डायलॉग ने उपासना सिंह को रातों रात सुर्खियों में ला दिया था। वैसे आज के समय में उपासना सिंह किसी परिचय की मोहताज नहीं है। आप भी सोच रहे होंगे कि इस डायलॉग की आज 28 वर्ष बाद अचानक कैसे याद हो आई। तो सुनिए बिहार में गुरुवार 6 नवंबर और 11 नवंबर को चुनाव होना है। बिहार की कुल 243 सीट पर दो चरण में चुनाव हो रहे हैं। लगभग 7.43 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। देश की राजनीति में बिहार की बड़ी भूमिका रहती है। इसलिए भाजपा गठबंधन और कांग्रेस गठबंधन जीत के लिए अपना पूरा जोर लगाए हुए है। 121 सीटों के लिए प्रचार थम चुका है। शेष 122 सीटों के लिए 9 नवंबर तक आरोप प्रत्यारोपों का दौर जारी रहेगा। 11 नवंबर को द्वितीय चरण के मतदान के बाद परिणाम 14 नवंबर को आयेगा। अब सीधे मुद्दे पर आते हैं। चुनाव कोई भी हो चटखारे लेने में कोई कर कसर नहीं छोड़ता। मोदी विरोधी हर मंच से जुमलेबाज, वोट चोर तो कहते ही है। साथ में दो चार तंज और भी छोड़ देते हैं। इसी क्रम में कसर मोदी भी नहीं छोड़ते।

**सूचना**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटाराअम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# मोबाइल दुकान में सेंधमारी, 25 लाख रुपए के महंगे फोन चोरी








-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
गुदरी चौक स्थित गोलू मोबाइल नामक दुकान में चोरों ने सेंधमारी कर 25 लाख रुपए मूल्य के महंगे स्मार्टफोन्स चोरी कर लिए। यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। चोरी गए मोबाइल में प्रमुख रूप से आईफोन सहित कई अन्य ब्रांड्स जैसे एप्पल, वीवो और वनप्लस के महंगे मॉडल शामिल थे। इस बीच, चोरों ने 5-6 लाख रुपए कीमत के कुछ मोबाइल कचरे में फेंक दिए और चले गए। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस, डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। हालांकि,अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार तीन लोग इस चोरी में शामिल थे। इनमें से एक चोर दुकान के भीतर घुसते हुए दिख रहा है,जबकि दो अन्य चोर दुकान के पीछे से दीवार में सेंधमारी करके अंदर प्रवेश करने में मदद कर रहे थे। यह घटना 5 नवंबर की रात हुई,जब दुकान के मालिक विक्रांत जायसवाल और विवेक जायसवाल दोनों अलग-अलग जगहों पर थे। दुकान बंद करने के बाद विवेक अपने घर लौट गए थे, जबकि विक्रांत किसी काम से बाहर थे। अगले दिन,सुबह उन्हें जानकारी मिली कि उनकी दुकान में चोरी हो गई है। जब वे मौके पर पहुंचे, तो पाया कि दुकान के पीछे की दीवार में सेंध लगाई गई थी और अंदर से मोबाइल के 100 से अधिक सेट गायब थे।

विक्रांत और विवेक ने बताया कि चोरों ने लगभग 25 लाख रुपए के मोबाइल चोरी किए हैं, जिनमें प्रमुख रूप से आईफोन,एप्पल,वीवो और वनप्लस जैसे ब्रांड्स के महंगे मोबाइल फोन थे। हालांकि, कुछ सस्ते मोबाइल जो 6-7 लाख रुपए के थे, चोरों ने कचरे में फेंक दिए थे। दुकानदारों का कहना है कि चोरों ने केवल महंगे मोबाइल फोन को चुना और सस्ते मॉडल छोड़ दिए।

## पुलिस और डॉग स्क्वायड ने शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम, डॉग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। डॉग स्क्वायड की टीम ने दुकान से निकलकर परिडा गली तक का रास्ता तय किया, लेकिन फिर वह भटक गया। फॉरेंसिक टीम ने वहां से जरूरी सबूत जुटाए। इस बीच, स्थानीय लोग पुलिसिंग को लेकर सवाल उठा रहे हैं, क्योंकि कोतवाली थाना से महज 300 मीटर की दूरी पर यह चोरी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, चोरों ने दीवार को ड्रिल मशीन से खोला और फिर मोबाइल के सेट बाहर निकालकर फेंके। दुकान के पीछे कचरे में सस्ते मोबाइल और खाली डिब्बे पड़े हुए मिले। दुकानदारों का कहना है कि चोरों ने काउंटर पर रखे कैश और सोने की अंगूठी को नहीं छुआ,जिससे साफ है कि उनका उद्देश्य केवल मोबाइल चोरी करना था।

**अलार्म बजने पर भी नहीं हुई सूचना** : दुकान में सीसीटीवी और अलार्म सिस्टम भी लगा हुआ था,जो विक्रांत,विवेक और उनके पिता के मोबाइल से कनेक्ट था। यदि दुकान के शटर को छुआ जाता,तो अलार्म बजने लगता। 5 नवंबर की रात 2 बजे विक्रांत के मोबाइल पर अलार्म बजा था,लेकिन वह बनारस में थे और उन्हें इस पर संदेह नहीं हुआ। अलार्म लगभग 3 बजे तक बजता रहा,जिसके बाद विक्रांत ने इसे बंद कर दिया। संभावना जताई जा रही है कि जब चोर दीवार को ड्रिल कर रहे थे,तब आवाज सुनकर अलार्म बजने लगा था। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार,चोर 4.29 बजे दुकान के अंदर घुसे और 4.55 बजे तक वहां रहे। इस दौरान उन्होंने कई बार मोबाइल के सेट निकालकर सेंधमारी के रास्ते से बाहर फेंका। पुलिस को उम्मीद है कि चोरों ने महंगे मोबाइल फोन को छांट कर पीठू बैग में भरा होगा और फिर घटनास्थल से भाग गए।

**पुलिस की टीमें कर रही हैं जांच** : अंबिकापुर पुलिस अधीक्षक,राजेश अग्रवाल ने बताया कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए तीन अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों द्वारा घटनास्थल के आसपास के लगभग 100 सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए हैं। पुलिस को यह भी संदेह है कि चोर बिलासपुर रोड की ओर फरार हो सकते हैं। पुलिस की जांच और प्रयास जारी है, और उम्मीद की जा रही है कि आरोपियों तक जल्द पहुंचा जा सकेगा। इस घटना ने अंबिकापुर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर जब यह घटना पुलिस स्टेशन से इतनी नजदीक हुई है। नागरिकों का कहना है कि शहर में अधिक सुरक्षा और सतर्कता की जरूरत है ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# चंगाई सभा में हिंदूवादी संगठनों ने की तोड़फोड़

## पुलिस-प्रशासन को करना पड़ा हस्तक्षेप



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
बालमपुर में तीन दिवसीय चंगाई सभा का आयोजन करने के दौरान हिंदूवादी संगठनों के विरोध के बाद तनाव की स्थिति पैदा हो गई। यह घटना बतौली थाना क्षेत्र के रतनपुर में हुई,जहां ईसाई समुदाय द्वारा आयोजित सभा का हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध किया। विरोध के कारण प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़ा और अंततः चंगाई सभा को स्थगित करना पड़ा।

**चंगाई सभा का आयोजन और विरोध की शुरुआत** : बतौली ब्लॉक के बालमपुर पंचायत के रतनपुर में ईसाई समाज द्वारा तीन दिवसीय चंगाई सभा का आयोजन किया गया था। इसमें बतौली, सीतापुर और मैनपाट ब्लॉकों से करीब 500 लोग शामिल होने के लिए पहुंचे थे। कार्यक्रम के बारे में जानकारी मिलने के बाद हिंदूवादी संगठनों के करीब 100 कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और सभा के आयोजन पर कड़ा विरोध जताया। उनका आरोप था कि चंगाई सभा के माध्यम से धर्मांतरण की साजिश की जा रही है। विरोध प्रदर्शन के दौरान स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई, जिसके बाद सीतापुर एसडीओपी राजेंद्र मंडावी और बतौली तहसीलदार गोविंद सिन्हा सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। हिंदूवादी संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की कि चंगाई सभा को तुरंत रोका जाए, क्योंकि इसका उद्देश्य धर्मांतरण के लिए लोगों को प्रलोभित करना था। इसके बाद, एसडीओपी और तहसीलदार ने चंगाई सभा को बंद करने का आदेश दिया और सभा स्थल पर तैनात पुलिस अधिकारियों ने टेंट और पंडालों को उखाड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के संभावित आगमन की तैयारियों का लेकर प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने किया कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण

## आगमन की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के संभावित आगमन को लेकर अम्बिकापुर में प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। इसी सिलसिले में आज आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। श्री बोरा ने सबसे पहले गांधी स्टेडियम पहुंचकर राष्ट्रपति के आगमन हेतु तैयार किए जा रहे हेलीपैड स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था,आगमन एवं निर्गमन मार्ग, हेलीपैड की मजबूती तथा आसपास की साफ-सफाई का बारीकी से जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात् उन्होंने पी.जी. कॉलेज मैदान पहुंचकर मुख्य कार्यक्रम स्थल की तैयारियों की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने पीजी कॉलेज मैदान में बनने वाले डोम पंडाल, बैठक व्यवस्था, वीआईपी गेट, यातायात बेरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास द्वार, स्टॉल्स की साज-सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, बिजली व्यवस्था एवं सांस्कृतिक मंच का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप और सौंदर्यपूर्ण ढंग से पूरी होनी चाहिए। श्री बोरा ने पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाली संगोष्ठी कार्यक्रम की तैयारियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम सुव्यवस्थित, समयबद्ध रहे। निरीक्षण के दौरान सरगुजा संभागायुक्त श्री नरेन्द्र दुग्गा, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, एएसपी श्री अमोलक सिंह ढिल्लों, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री ललित शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सरगुजा के 6 खिलाड़ी सीनियर/जूनियर स्टेट वुडबॉल चैंपियनशिप में शामिल



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 नवम्बर 2025 (घटती-घटना)।
सरगुजा जिले से 6 खिलाड़ी 6वीं सीनियर/जूनियर स्टेट वुडबॉल चैंपियनशिप 2025 में हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता दवारा विश्वविद्यालय, रायपुर में 7 से 9 नवंबर तक आयोजित की जा रही है। चयनित खिलाड़ियों में आकाश दुबे,संदीप सिन्हा,प्रियांशु कुशवाहा, प्रीतम कुमार जायसवाल,एंजिल प्रीति टोप्पो और शिवानी सोनी शामिल हैं। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा के खिलाड़ी पूर्व में भी विभिन्न स्तरों पर बेहतरीन प्रदर्शन कर चुके हैं और इस बार भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टीम शानदार प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर वुडबॉल संघ के सभी पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा 17 नवंबर से

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 नवम्बर 2025 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ पुलिस बल की आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 के तहत सरगुजा रेंज के अंतर्गत सूरजपुर, कोरिया, जशपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज,मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर तथा पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय मैनपाट में रिक्त आरक्षक ट्रेड संवर्ग के पदों के लिए ट्रेड टेस्ट का आयोजन 17 नवंबर से किया जाएगा। यह परीक्षा 10 वीं वाहिनी, छसबल, सिलफिली,जिला-सूरजपुर के ग्राउंड में होगी। ट्रेड टेस्ट में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी को अपने साथ व्यापम द्वारा जारी एडमिट कार्ड और पहचान पत्र लाना होगा। ग्राउंड में मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा और केवल अभ्यर्थी को ही प्रवेश मिलेगा। 17 नवंबर को आरक्षक ट्रेड (चालक), 18 नवंबर कोा आरक्षक ट्रेड (कुक एवं वाटर कैरियर), 19 नवंबर को शेष अन्य ट्रेड के अभ्यर्थियों को सुबह 7 बजे तक निर्धारित स्थान पर पहुंचना अनिवार्य है। उक्त जानकारी सरगुजा एसपी राजेश अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।



# नवीन न्यायालय भवन के स्थानांतरण के विरोध में अधिवक्ताओं ने निकाली रैली



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
जिला अधिवक्ता संघ द्वारा नवीन न्यायालय भवन के विवादित स्थानांतरण के विरोध में गुरुवार को एक विशाल जनजागरुकता रैली का आयोजन किया गया। रैली दोपहर 12 बजे जिला न्यायालय परिसर से अधिवक्ता संघ के संघर्ष समिति के संयोजक संतोष सिंह के नेतृत्व में निकाली गई। रैली घड़ी चौक, सदर रोड, अग्रसेन चौक, पुराना बस स्टैंड, ब्रह्म रोड एवं संगम चौक, महामाया चौक होते हुए गांधी स्टेडियम तक पहुंची। मार्ग में अधिवक्ताओं ने नागरिकों से संवाद करते हुए बताया कि न्यायालय भवन का स्थानांतरण केवल भवन का नहीं, बल्कि न्याय की पहुंच का स्थानांतरण है, जिससे वादकारियों,अधिवक्ताओं एवं आमजनों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। रैली के उपरांत न्यायालय मुख्य द्वार पर आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि न्यायालय केवल ईंट-पत्थर का भवन नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था की आत्मा है। इसे जनता से दूर करना, न्याय को दूर करना है। हम वकील हैं, न्याय के प्रहरी हैं जब न्याय की सुविधा पर आंच आती है, तो हमारा मौन भी अन्याय बन जाता है। न्यायालय जनता के बीच होना चाहिए न कि जनता से मीलों दूर। यह लड़ाई केवल अधिवक्ताओं की नहीं, बल्कि हर आम नागरिक की है। हमारा संघर्ष किसी व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था की सुलभता और गरिमा के संरक्षण के लिए है। यह रैली जनता की आवाज बन चुकी है। अधिवक्ता संघ की संघर्ष समिति द्वारा यह घोषणा की गई कि 7 नवंबर से जिला अधिवक्ता संघ से पंजीकृत समस्त अधिवक्ता अनिश्चितकल के लिए कार्य से पृथक रहेंगे। कार्यक्रम का समापन संघ के सचिव सम्पूर्णाक गुप्ता द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। पूरी रैली एवं आम सभा लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। रैली संजय अम्बष्ट, जनार्दन त्रिपाठी, अली अख्तर रिजवी, सरिता पाण्डेय, नितेश चंद्र शुक्ल, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, ग्रंथालय प्रभारी अनिल सिन्हा, क्रीड़ा सचिव रोहित तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य गजेंद्र सिंह, प्रमोद तिवारी, उमंग दुबे, नचिकेता जायसवाल, राजीव सिन्हा, धनंजय मिश्रा, हेमंत तिवारी सहित अन्य उपेस्थत रहे।

# दुष्कर्म के एक फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार

## जबरन दुष्कर्म करने वाले एक बलात्कारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



-संवाददाता-
कुसमी,06 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
बलरामपुर जिले के कुसमी थाना क्षेत्र में एक महिला शौच कर वापस घर आ रही महिला आरोपियों ने 23/10/2025 को बल पूर्वक अपने घर लेजाकर दुष्कर्म कर अंजाम छोड़ दिया था। आरोपी विनय गुप्ता, मुंशी उरांव ग्राम नीलकंठपुर, के द्वारा दुबारा पुनरावृति दोहराते हुए 25/10/2025/अर्रा डोंगरी जंगल में दो दिन तक जबरन दुष्कर्म कर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने प्राथिया की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 93/25धारा 64(2) (द्व) 127 (2)बीएनएस के तहत कार्यवाही कर भेजा जेल। जानकारी के अनुसार पीड़िता प्राथिया ने दिनांक 05/11/2025 को थाना कुसमी में उपस्थित होकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 23/10/2025 के सुबह करीब 4:00 बजे प्रार्थीया सौंच कर वापस घर आ रही थी तब विनय पिता मुंशी उरांव ग्राम नीलकंठपुर थाना कुसमी जिला बलरामपुर ने इसे पड़कर खींचकर अपने घर ले जाकर एक दिन व रात भर रखकर जबरन कई बार गलत काम (बलात्कार) किया, आरोपियों के द्वारा यह बोला गया कि तुम्हारा पति घर से बाहर काम करने गया है तुम इस बात को किसी को नहीं बताना यह कहकर पीड़िता को छोड़ दिया। आरोपियों ने दिनांक 25/10/25 से दिनांक 26/10/25 दुबारा पीड़िता के साथ अर्रा डोंगरी जंगल में दो दिनो तक जबरन संबंध बनाते रहे। प्रार्थीया की रिपोर्ट पर कुसमी पुलिस ने उपरोक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर फरार आरोपी विनय पिता मुंशी उरांव ग्राम नीलकंठपुर थाना कुसमी जिला बलरामपुर को दबिश देकर हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा उपरोक्त जुर्म कारीत करना स्वीकार करने पर आज दिनांक 6.11.2025 को आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# डॉ. हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन को देखने आरएसएस का आह्वान



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 नवम्बर
2025 (घटती-घटना)।
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार जी के प्रेरणादायी जीवन पर आधारित नाट्य मंचन का आयोजन 10 नवम्बर को अपराह्न 5:30 बजे से स्थानीय पी.जी. कॉलेज के सभागार में किया जाना है, जिसे देखने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आम जनता से आह्वान किया है। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग एवं संस्कार सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज आरएसएस विभाग प्रचारक हेमंत नाग, संस्कार सेवा समिति सचिव अजय मिश्र, कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र सिन्हा, नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह तथा वरिष्ठ स्वयंसेवक रामलखन सिंह पैकरा सहित संघ के अन्य पदाधिकारियों ने पी.जी. कॉलेज के सभागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र सिन्हा ने आम जनता व नगर के गणमान्यजनों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर डॉ हेडगेवार जी के राष्ट्र को समर्पित जीवन चरित्र की गाथा को जीवंत रूप से नाट्य रूप में देखने की अपील की है। इस अवसर पर आरएसएस स्वयंसेवक भोला नाथ गुप्ता, सतीश मिश्रा, गोपाल पांडेय, संतोष दास सरल, शशिकांत जायसवाल, रॉनी मिश्रा, कृष्णा तिवारी, अजयपाल सिंह, राघव पाठक, शिवानंद पैकरा तथा आदर्श सोनकर सहित स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

CMYK

# लखनपुर में ब्लॉक स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

## मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल





-संवाददाता-
लखनपुर,06 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ शासन के रजत जयंती समारोह के अवसर पर प्रदेशभर में आयोजित हो रहे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आज साक्षरता मिनी स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय लोक नृत्य (कर्मा) प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री राजेश अग्रवाल के द्वारा मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों से आए 13 लोक नृत्य दलों ने अपनी मनमोहक एवं ऊर्जावान प्रस्तुतियों से समूचे सभागार को लोक रंग में रंग दिया। पारंपरिक वेशभूषा, गीत-संगीत और ताल-लय से सजी इन प्रस्तुतियों ने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति का सुंदर प्रदर्शन किया। अपने उद्बोधन में मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि 'छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के इस रजत जयंती अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में लोक संस्कृति और जनभागीदारी का उत्सव मनाया जा रहा है। लखनपुर की यह प्रतियोगिता हमारे समृद्ध लोक नृत्य कर्मा परंपरा की जीवंत झलक है। आने वाले समय में सरगुजा की ये लोक कलाएँ राष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बनाएंगी।' मंत्री जी ने सभी 13 लोक नृत्य दलों को प्रोत्साहित करते हुए प्रत्येक दल को ?6000 की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

**प्रतियोगिता परिणाम:**

- प्रथम स्थान - पीपरखार के नर्तक दल
- द्वितीय स्थान - तिरकेला के नर्तक दल
- तृतीय स्थान - बिनकरा के नर्तक दल

निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चयन कर तीनों टीमों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं विधायक श्री कमलभान सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि– 'लोक नृत्य और लोकगीत हमारी संस्कृति की जड़ हैं। इन्हें संजोना, आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है।' वहीं मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, जनपद उपाध्यक्ष रामेश्वर राजवाड़े, एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस लोक धरोहर को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में आने वाले समय में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखा जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशिकला सिंह, जनपद उपाध्यक्ष कममेश्वर राजवाड़े, मंत्री प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि राकेश साहू, , नीरजअग्रवाल,जनपद सदस्य रजनी सिंह, भज्जू सिंह, नीतू सिंह, सुदर्शन सिंह, लक्ष्मण साहू, नीरज अग्रवाल, सुरेश जयसवाल, कर्मेंद्र राजवाड़े, राजकुमारी सिंह, चंद्रिका यादव, महेश्वर राजवाड़े, जयराम राजवाड़े, अमित बारी, बुधन सिंह, गर्भना राजवाड़े, प्रभु सिंह, घरभरन राजवाड़े, सुदर्शन मानिकपुरी,गणेश्वरी राठिया, दिलबरो मरावी, मैनेजर सिंह, ,लीलावती, प्रकाश खलखो, अनिल गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, अरविंद गुप्ता, मनीष वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्र के लोक कलाकारों, निर्णायक दल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बनाया।

# राज्योत्सव में शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी में प्रधानपाठक गौतम शर्मा के शैक्षिक नवाचारों ने जीता सबका मन

## खेल के माध्यम से सीखने की इस अभिनव पहल की मंत्री,सांसद और विधायक ने की सराहना



-संवाददाता-
सूरजपुर,06 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव में शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी इस वर्ष विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण रहे राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक गौतम शर्मा, जिन्होंने अपने अनूठे शैक्षिक नवाचारों और रचनात्मक प्रस्तुतीकरण से शिक्षा को एक जीवंत और आनंददायक रूप प्रदान किया। शिक्षा विभाग द्वारा विशेष रूप से चयनित गौतम शर्मा ने अपने दो अभिनव सहायक शैक्षिक नवाचार अंक जमाओ, ईनाम पाओ और व्हील ऑफ फार्चुन का प्रदर्शन कर बच्चों, अभिभावकों और जनमानस को सीखने की नई दिशा दिखाई। खेल के माध्यम से सीखने की यह पहल बच्चों के साथ-साथ बड़ों के लिए भी अत्यंत आकर्षक रही। राज्योत्सव के तीनों दिन शिक्षा विभाग के स्टॉल पर जनसमूह का सैलाब उमड़ पड़ा। बच्चे, शिक्षक और अभिभावक अपनी बारी का इंतज़ार करते नजर आए। अंक जमाओ, ईनाम पाओ शैक्षिक खेल प्रतियोगिता ने न केवल प्रतिभागियों को शिक्षा के साथ मनोरंजन का अनुभव कराया, बल्कि कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भी इस प्रतियोगिता में सहभागिता लेकर इसका भरपूर आनंद लिया। प्रथम दिवस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, द्वितीय दिवस सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, और तृतीय दिवस प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी व छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने स्वयं प्रतियोगिता में भाग लेकर इस अभिनव पहल की सराहना की।

# सरगुजा पुलिस द्वारा विभिन्न थाना/चौकी अंतर्गत यातायात एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा पुलिस टीम को नागरिकों मे यातायात नियमो के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने दिए गए है दिशा निर्देश,पुलिस टीम द्वारा नागरिकों को साइबर सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी भी की गई प्रदान

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) के दिशा निर्देशन मे जिला मुख्यालय समेत समस्त थाना/चौकी मे सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने और नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने विभिन्न स्थानों/मुख्य बाज़ार/स्कूल परिसर/चौक चौराहो पर पुलिस टीम को पहुंचकर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को जागरूक किये जाने के दिशा निर्देश दिए गए है। इसी क्रम मे जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, उक्त कार्यक्रम आयोजित किये जाने का मुख्य उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवाओं और वाहन चालकों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों और यातायात नियमों के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करना है।




पुलिस टीम द्वारा थाना गांधीनगर अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय एवं शासकीय प्रयास आवसीय विद्यालय, थाना मणीपुर अंतर्गत बकिरमा हायर सेकेंडरी स्कूल, थाना सीतापुर अंतर्गत केन मेमोरियल स्कूल, थाना बतौली के खड़धोवा साप्ताहिक बाजार एवं चौकी कुन्नी अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल मे थाना/चौकी प्रभारियों एवं साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा द्वारा नागरिकों को साइबर सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी प्रदान करते हुए नागरिकों को यातायात नियमो की जानकारी देते हुए चालकों को दोपहिया वाहन चलाते समय वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चलाते समय वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया गया साथ ही हेलमेट पहनने एवं सीट बेल्ट लगाने से दुर्घटना के दौरान होने वाली जनहानी पर प्रभावी नियंत्रण किये जाने की जानकारी प्रदान की गई।

नशे में ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस टीम द्वारा सखूती से कार्यवाही किये जाने की समझाईस दी गई, नागरिकों को दोपहिया/चारपाहिया वाहनो से सड़क यात्रा करने के दौरान गति सीमा का पालन करने की जानकारी दी गई, नागरिकों को नियंत्रित गति से वाहन चलाने और तेज रफ्तार से बचने का आग्रह किया गया, नागरिकों को यातायात संकेतों का महत्व बताकर सड़क संकेतों का पालन करने की जानकारी दी गई, रेड सिग्नल जम्प नहीं करने की जानकारी दी गई, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने के साथ साथ तीन सवारी वाहन नहीं चलाने की अपील भी की गई। पुलिस टीम द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान लगभग 3000 से अधिक छात्र छात्राओं एवं नागरिकों को जागरूक किया गया है, यातायात जागरूकता का कार्यक्रम पुलिस टीम द्वारा प्रतिदिन आयोजित किया जा रहा है जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



# कार्तिक पूर्णिमा पर शक्तिधाम श्रीकोट आश्रम में भक्तिमय माहौल मां काली के दरबार में उमड़ा जनसैलाब,हुई विशेष पूजा-अर्चना

-संवाददाता-
कुसमी/बलरामपुर,06 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर शक्तिधाम श्रीकोट आश्रम में दिव्य आराधना और विशेष पूजा-अर्चना के साथ भव्य उत्सव का आयोजन हुआ। सुबह से ही आश्रम परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही। श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचकर मां काली के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन के तहत भजन-कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। विशेष पूजा-अर्चना के दौरान भक्तों ने दीप प्रज्वलित कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में पूज्य संतों द्वारा सत्संग और प्रवचन भी हुआ, जिसमें जीवन में सदाचार, सेवा और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला गया। श्रद्धालुओं ने बताया कि शक्तिधाम श्रीकोट आश्रम में आकर उन्हें दिव्य शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। अंत में उपस्थित सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। आश्रम प्रबंधन ने उत्सव को सफल बनाने में सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया।

# अंबिकापुर का गौरव बढ़ाया अभिषेक शुक्ल ने... मिला चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता सम्मान



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 नवम्बर 2025
(घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के समापन समारोह में आयोजित राज्य अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के हाथों NEWS 18 छत्तीसगढ़ के संपादक अभिषेक शुक्ल को चंदूलाल चंद्राकर स्मृति हिंदी पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस सम्मान कार्यक्रम में राज्यपाल रमन डेका,प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह सहित कई वरिष्ठ मंत्री मौजूद रहे। अभिषेक शुक्ल अंबिकापुर के मूल निवासी हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा भी अंबिकापुर में हुई है। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कई प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों में बतौर एंकर और प्रदेश प्रमुख के रूप में कार्य किया है। वर्तमान में वे बड़े कॉरपोरेट मीडिया समूह NEWS 18 छत्तीसगढ़ के संपादक के पद पर कार्यरत हैं..अभिषेक शुक्ल को चंदूलाल चंद्राकर स्मृति हिंदी पत्रकारिता सम्मान मिलने से उनके गृह शहर अंबिकापुर में हर्ष और गर्व का माहौल है। वहीं रायपुर सहित पूरे प्रदेश के मीडिया जगत में बधाइयों की झड़ी लग गई है..यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है। बल्कि सरगुजा संभाग और छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता के लिए भी गौरव का क्षण बना है।

# रॉयल बस ट्रक से टकराई,कई घायल

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,06 नवम्बर 2025 (घटती-घटना)।
रायपुर के बीच रोजाना जाने वाली रॉयल बस रघुनाथपुर के राई चौक पर सुबह करीब 4 बजे खड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस में सवार कई यात्री घायल हो गए। यह घटना रघुनाथपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस ड्राइवर को अचानक ट्रक खड़ा होने का अंदाजा नहीं हुआ, और बस ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## व्यापार समाचार

# एलआईसी का दूसरी तिमाही में मुनाफा 32 फीसदी बढ़कर 10,053 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली,06 नवम्बर 2025।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितबर तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही में एलआईसी का मुनाफा 32 फीसदी बढ़कर 10,053 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में बीमा कंपनी ने 7,621 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी ने गुरुवार को शेयर बाजार को जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका कुल आय बढ़कर 2,39,614 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 2,29,620 करोड़ रुपये थी। इसके साथ दूसरी तिमाही में कंपनी की शुद्ध प्रीमियम




आय बढ़कर 1,26,479 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,19,901 करोड़ रुपये रही थी। एलआईसी के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान कंपनी का कुल व्यय बढ़कर 2,30,160 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,22,366 करोड़ रुपये रहा था। इस बीच दूसरी तिमाही में कंपनी की शुद्ध प्रीमियम आय सालाना आधार पर 5.5 फीसदी बढ़कर 1.26 लाख करोड़ रुपये हो गई। इसके अलावा एलआईसी का एयूएम 3.31 फीसदी बढ़कर 57.23 लाख करोड़ रुपये हो गया।

बीमा कंपनी के सीईओ और एमडी आर दोरईस्वामी ने एक बयान में कहा कि हम एलआईसी में सितंबर 2025 के दौरान भारत सरकार द्वारा बीमा उद्योग के लिए घोषित जीएसटी परिवर्तनों के सकारात्मक प्रभाव को लेकर बहुत आशावादी हैं। उन्होंने कहा कि हमारा दृढ़ विश्वास है कि ये परिवर्तन ग्राहकों के सर्वोत्तम हित में हैं। दोरईस्वामी ने कहा कि भारत में जीवन बीमा उद्योग के विकास को और तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि एलआईसी के रूप में हमने यह सुनिश्चित किया है कि जीएसटी परिवर्तनों के सभी लाभ ग्राहकों तक पहुंचें।

# एसजीबी 2017-18 सीरीज 6 की तय हुई रिडेंप्शन प्राइस,निवेशकों को 324 प्रतिशत तक का रिटर्न

**नई दिल्ली,06 नवम्बर 2025।** सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) की 2017-18 की सीरीज 6 के रिडेंप्शन के अंतिम रिडेंप्शन प्राइस का ऐलान कर दिया गया है। इस ऐलान के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस सीरीज के सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स के रिडेंप्शन की प्रक्रिया को मंजूरी दे दी है। इसके तहत एसजीबी के प्रत्येक यूनिट (ग्राम) के लिए 12,066 रुपये का मूल्य तय किया गया है। एसजीबी की इस सीरीज के तहत गोल्ड बॉन्ड 6 नवंबर 2017 को जारी किए गए थे। आज इसकी मैच्योरिटी के आठ साल पूरे होने पर इसके रिडेंप्शन की प्रक्रिया को मंजूरी दी गई है। एसजीबी की 2017-18 की सीरीज 6 को 2,895 रुपये प्रति यूनिट (ग्राम) के मूल्य पर जारी किया गया था। इस तरह से इस सीरीज में निवेश करने वाले निवेशकों को 316.78 प्रतिशत का जबरदस्त रिटर्न मिला है। ऑनलाइन पेमेंट करने वाले निवेशकों को तो 324 प्रतिशत से भी ज्यादा का रिटर्न मिला है। इस रिटर्न में निवेश के दौरान हर साल मिलने वाला 2.5 प्रतिशत का वार्षिक ब्याज शामिल नहीं है।




वित्त वर्ष 2017-18 में 6 नवंबर को जब ये बॉन्ड जारी हुआ था, तब ऑनलाइन पेमेंट करने पर निवेशकों को 50 रुपये प्रति यूनिट (ग्राम) की छूट मिलती थी। इससे ऑनलाइन पेमेंट करने वाले निवेशकों के लिए वास्तविक इश्यू प्राइस 2,845 रुपये हो गई थी। इस हिसाब से ऑनलाइन पेमेंट करने वाले सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) ने अपने निवेशकों को लगभग 324.11 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। सोने की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण निवेशकों को इस बॉन्ड से जबरदस्त फायदा मिला है। इस संबंध मे भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी किए गए बयान में बताया गया है कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की मैच्योरिटी जारी होने के आठ साल बाद पूरी होती है।

CMYK

# सभी चिरमिरी वासियों को पट्टा मिलने तक प्रयास जारी रहेगा:डोमरू रेड्डी

## पूर्व महापौर ने फिर उठाया शहरवासियों के हक का मुद्दा, कलेक्टर से जनदर्शन में की मुलाकात

-संवाददाता-
मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर,06 नवंबर 2025 (घटती-घटना)।
कोयला नगरी चिरमिरी के पूर्व महापौर एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष के. डोमरू रेड्डी ने एक बार फिर अपने पुराने अभियान को गति देते हुए कहा है कि जब तक चिरमिरी के हर नागरिक को उसका पट्टा नहीं मिल जाता, मेरा प्रयास अनवरत जारी रहेगा।

श्री रेड्डी ने इस सप्ताह जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल सिदार से मुलाकात कर कलेक्टर डी. वेंकट राहुल के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें चिरमिरी शहर के निवासियों को उनके मकानों और दुकानों का मालिकाना हक दिलाने के लिए लंबित पड़ी कार्यवाही को आगे बढ़ाने की मांग की गई है।



### 2.94 हेक्टेयर भूमि प्रस्ताव अब तक लंबित

पूर्व महापौर ने बताया कि चिरमिरी एसईसीएल ने अपनी 2.94 हेक्टेयर अनुपयोगी जमीन चिन्हित कर उसे शासन को लौटाने के लिए कलेक्टर कार्यालय को प्रस्ताव भेजा है,जो अब तक लंबित है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं,बल्कि हजारों परिवारों के भविष्य से जुड़ा प्रश्न है।

### महापौर कार्यकाल में रखी थी मजबूत नींव

अपने महापौर कार्यकाल के दौरान श्री रेड्डी ने राजस्व सर्वेक्षण और रिकार्ड निर्माण कराकर कोयला क्षेत्रों में बसे नागरिकों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने की ऐतिहासिक पहल की थी। परिणामस्वरूप कई परिवारों को पट्टा और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर भी मिले। उन्होंने राज्य सरकार और सरगुजा विकास प्राधिकरण के माध्यम से इस मुद्दे को बार-बार उठाया और कार्यवाही की राह तैयार की थी।

### सरकारों ने दिए निर्देश पर जिला स्तर पर रुकी फाइलें

श्री रेड्डी ने याद दिलाया कि 3 जून 2019 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में हुई सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में एसईसीएल की अनुपयोगी भूमि राज्य शासन को लौटाने का निर्णय लिया गया था,इस संबंध में आयुक्त कार्यालय अम्बिकापुर द्वारा पत्र क्रमांक 1613/सविप्रा/2019-20, दिनांक 19 जून 2019 से निर्देश जारी किए गए,परंतु अब तक कलेक्टर कोरिया कार्यालय से पालन प्रतिवेदन नहीं भेजा गया,उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन न होना शासन की मंशा के विपरीत है,यह सिर्फ एक प्रशासनिक देरी नहीं बल्कि जनभावनाओं की अवहेलना है।

### पूर्व बैठकों में तय हुआ था ढांचा

पूर्व महापौर ने बताया कि 9 अगस्त 2017 को तात्कालीन मुख्यमंत्री के निर्देश पर चिरमिरी तानसेन भवन में एसईसीएल, जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें आठ सदस्यीय समिति गठित की गई थी। इस समिति ने जिला स्तर पर रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी थी, किंतु प्रगति अब ठप पड़ी है।

### यह राजनीति नहीं,अस्तित्व की लड़ाई है...

श्री रेड्डी ने कहा कि यह विषय किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि शहर के अस्तित्व और पलायन से जुड़े जन-जीवन का प्रश्न है, उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि इस मामले में विशेष टास्क फोर्स का गठन कर लंबित प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए, उन्होंने कहा ÷मैंने अपने कार्यकाल में जो अभियान शुरू किया था, उसे अब अंतिम परिणाम तक पहुंचाना मेरी जिम्मेदारी है। जब तक चिरमिरी के हर नागरिक को उसका वैध पट्टा नहीं मिल जाता, मेरा प्रयास जारी रहेगा

# ढाई साल से बंद सूरजपुर नेशनल हाईवे का पेट्रोल पंप फिर हुआ शुरू

## अब 24 घंटे मिलेगी पेट्रोल-डीजल की सुविधा, लोगों ने ली राहत की सांस



-शमरोज खान-
सूरजपुर,06 नवंबर 2025 (घटती-घटना)।
शहर से कुछ दूरी पर नेशनल हाईवे-43 में चंदरपुर स्थित भारत पेट्रोलियम का पेट्रोल पंप जो पिछले ढाई साल से बंद पड़ा था, अब एक बार फिर से शुरू हो गया है। इसके शुरू होने से स्थानीय नागरिकों, यात्रियों और ट्रक चालकों को बड़ी राहत मिली है, यह पेट्रोल पंप जिले का पहला ऐसा पंप है जहां 24 घंटे पेट्रोल और डीजल की सुविधा उपलब्ध रहती है, इसके बंद रहने से हाईवे पर यात्रा करने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, क्योंकि बाकी पंप रात 11 बजे के बाद बंद हो जाते हैं। अब इस पंप के दोबारा चालू होने से रात के समय सफर करने वाले वाहन चालकों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी, लोगों ने बताया कि यह पंप पहले भी अपने समय पर सेवा देने के लिए जाना जाता था और हाईवे से गुजरने वाले वाहनों के लिए यह एक महत्वपूर्ण ईंधन केंद्र था, स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों ने कहा कि पंप के शुरू होने से अब उन्हें दूर तक ईंधन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। ÷रात में जब कोई आपात स्थिति होती थी तब पेट्रोल या डीजल मिलना मुश्किल था,लेकिन अब फिर से सुविधा शुरू हो गई है, एक वाहन चालक ने खुशी जताई, पेट्रोल पंप संचालक के अनुसार, सुरक्षा और रखरखाव कार्य पूरे कर लिए गए हैं और अब यह पंप 24 घंटे पूरी तरह चालू रहेगा।

### ग्राहकों के दिल से कुछ सच्चे अनुभव

जब यह पंप बंद हुआ था,तो हमें दूसरे शहर जाना पड़ता था,अब भारत पेट्रोलियम के हाथों में आने के बाद सर्विस बेहतरीन है – शुद्धता पर पूरा भरोसा!
**सचिन सिंह (स्थानीय व्यापारी)**

महिलाओं के लिए यहाँ की सफाई और व्यवहार बहुत अच्छा है। स्टाफ मददगार है और पेमेंट के सभी डिजिटल विकल्प मौजूद हैं।
**अंजलि देवी (शिक्षिका, सूरजपुर)**

मैं रोज़ एनएच-43 से गुजरता हूँ। अब यहाँ का पेट्रोल पंप 24 घंटे खुला रहता है,स्टाफ समय पर सेवा देता है,और डीजल की क्वालिटी बहुत बढ़िया है।
**संदीप कुमार (ट्रक ड्राइवर)**


बीपीसीएल के आने से अब हमें भरोसेमंद ईंधन पास में ही मिल जाता है। ऐप से पेमेंट करना आसान है और छोटे डिस्काउंट भी मिल जाते हैं।
**पूजा सिंह (कॉलेज छात्रा)**

पहले हमें खेतों के लिए डीजल लेने में बहुत परेशानी होती थी, अब यह पंप फिर से खुलने से बड़ा राहत मिली है – धन्यवाद
**विनोद यादव (किसान, आस-पास का गाँव)**

ग्राम पंचायत निधि से बनी सड़क पर निजी निर्माण का मामला, 28 नवंबर को तलब किए गए संबंधित व्यक्ति

# तहसीलदार पटना का आदेश,चिरगुड़ा में विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश





-संवाददाता-
कोरिया पटना,06 नवंबर 2025 (घटती-घटना)।
तहसीलदार पटना ने ग्राम पंचायत चिरगुड़ा में सड़क भूमि पर अनाधिकृत निर्माण की शिकायत पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश जारी किया है, यह आदेश न्यायालय तहसीलदार, पटना, जिला कोरिया (छत्तीसगढ़) द्वारा 06 नवंबर 2025 को क्रमांक 3076/वाचक/2025 के तहत जारी किया गया है।

### सड़क पर निर्माण से दुर्घटना की आशंका

मामला ग्राम चिरगुड़ा के दरीडांड क्षेत्र से जुड़ा है, जहाँ सरपंच द्वारा प्रस्तुत आवेदन में कहा गया कि पंचायत निधि से बनी सड़क पर स्थानीय निवासी द्वारा जबरन कमरा निर्माण कराया जा रहा है, आवेदन में उल्लेख है कि निर्माण कार्य के कारण सड़क अत्यंत संकरी हो गई है, जिससे भविष्य में दुर्घटना की आशंका है। साथ ही,संबंधित व्यक्ति द्वारा शासकीय बोर को अपने अधिकार में लेने का भी प्रयास किया जा रहा है।

### तहसीलदार ने रोका निर्माण कार्य

तहसीलदार पटना ने सरपंच के आवेदन से सहमति जताते हुए आदेश दिया है कि आपके द्वारा किए जा रहे बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य पर आगामी आदेश तक यथास्थिति बनाए रखी जाए। साथ ही, संबंधित व्यक्ति तुलाचंद गुप्ता (आ. स्व. मन्नीलाल गुप्ता, निवासी चिरगुड़ा) को निर्देश दिया गया है कि 28 नवंबर 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें, यदि वे उपस्थित नहीं होते हैं, तो दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### लोकहित में जारी किया गया आदेश

सरपंच द्वारा दायर आवेदन में यह भी कहा गया था कि सड़क भूमि पर निर्माण कार्य से पंचायत के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रस्तावित हैंडपंप स्थापना में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए तहसीलदार ने लोकहित में यह आदेश जारी किया है।

# नगर निगम क्षेत्र में 3 शावकों के साथ घूमता दिखा तेंदुआ

## लोगों में दहशत,वन अमला कर रहा रात्रि गश्त



-संवाददाता-
चिरमिरी,06 नवंबर 2025 (घटती-घटना)।
नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र के गेल्हापानी इलाके में मंगलवार की रात तेंदुआ देखे जाने की खबर से लोगों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि तेंदुआ अपने 3 शावकों के साथ विचरण कर रहा है। इसकी सूचना मिलते ही वन अमला अलर्ट मोड में आ गया। फिलहाल वन अमला रात्रि गश्त कर तेंदुए पर नजर बनाए हुए है। वहीं मुनादी कराकर लोगों को घरों से बाहर नहीं निकलने की समझाइश दी जा रही है। वन अमले का कहना है कि मंगलवार रात करीब 9 बजे गेल्हापानी रेलवे फाटक के पास ग्रामीणों ने एक तेंदुआ देखा। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। यहां पंजा को देखकर तेंदुआ विचरण होने की पुष्टि हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस जगह पर मादा तेंदुआअपने 3 बच्चों के साथ देखी गई है।

गेल्हापानी और डोमनहिल से लगे घने जंगलों में तेंदुओं की संख्या बढ़ रही है। हालांकि अभी तक तेंदुए ने किसी इंसान पर हमला नहीं किया है। मामले में वन विभाग ने क्षेत्र में मुनादी कराई है। ग्रामीणो को जंगल की तरफ नहीं जाने की सलाह दी गई है।

### तेंदुआ के पैरों के मिले हैं निशान

इस संबंध में चिरमिरी फॉरेस्ट रेंजर डीआर खेस्स का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है। पद चिन्ह से तेंदुआ ही है। आसपास मुनादी कराकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202510020700087**

विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:-राजस्व सन्:-2025-26

सुभाष नगर प.ह.न. 00017 [58/3(0.8000हे.)]
पक्षकारों का विवरण - प्रशांत विश्वास
अनावेदक पक्षकार - प्रशांत विश्वास, इंदुबाला

**ईश्तहार**

आवेदक प्रशांत विश्वास आ0कुमुद विश्वास निवासी ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुभाषनगर स्थित भूमि खसरा नंबर 58/3 रकबा 0.800 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृतक खातेदार इंदू बाला का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 10.11.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/10/2025 को जारी किया जाता है।

सील
उमेश्वर सिंह बाज
तहसीलदार,अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202510020700051**

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:-राजस्व सन्:-2025-26

झुमरपारा प.ह.न. 00027 (हे0)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार -इन्द्रबहादुर सिंह
अनावेदक पक्षकार - कोई नही,

**ईश्तहार**

आवेदक इन्द्रबहादुर सिंह आ0जगरनाथ सिंह निवासी ग्राम भिटठीकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम झुमरपारा स्थित भूमि कुल खसरा नंबर 05 कुल रकबा 0.446 हे0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14.11.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/10/2025 को जारी किया जाता है।

सील
उमेश्वर सिंह बाज
तहसीलदार,अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202510020700052**

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:-राजस्व सन्:-2025-26

लब्जी प.ह.न. 00027 (हे0)
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार -इन्द्रबहादुर सिंह
अनावेदक पक्षकार - कोई नही,

**ईश्तहार**

आवेदक इन्द्रबहादुर सिंह आ0जगरनाथ सिंह निवासी ग्राम भिटठीकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम लब्जी स्थित भूमि खसरा नंबर 1451, 1453/ 1 रकबा 0.227, 0.016 हे0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14.11.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/10/2025 को जारी किया जाता है।

सील
उमेश्वर सिंह बाज
तहसीलदार,अंबिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202511020700022**

विषय:-अ-6 अ मामले की श्रेणी:-राजस्व सन्:-2025-26

भिटठीकला प.ह.न. 00031 [1309/3(0.2350हे0)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक-रामकुंवर राजवाडे
अनावेदक पक्षकार - कोई नही

**ईश्तहार**

आवेदक रामकुंवर राजवाडे पति रामसाय पुत्री कन्दआ, निवासी ग्राम भिट्ठीकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा त्रुटि सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम भिट्ठीकला स्थित खसरा नंबर 1309/ 3 रकबा 0.235 हे0 भूमि स्थित है। उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश आवेदक का नाम खेलकुंवर अंकित हो गया है. जबकि आवेदक का वास्तविक नाम रामकुंवर राजवाडे है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21.11.2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/11/2025 को जारी किया जाता है।

सील
उमेश्वर सिंह बाज
तहसीलदार,अंबिकापुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2, जिला-सरगुजा,छ0ग0**

रा0प्र0क0 202510021700041/अ-27/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मनबसिया आ0 टीढु, निवासी ग्राम मानिकप्रकाशपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम मानिकप्रकाशपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 65, 66, 115, 116, 117, 118, 496, 497, 524, 565, 959, 960, 961, 964, 965 कुल खसरा 15 कुल रकबा 3.041 हे0 भूमि का आवेदिका तथा अनावेदक सहादेन आ0 टीढु, व अन्य 02, निवासी ग्राम मानिकप्रकाशपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) के मध्य 1/3 भाग में बंटवारा कराने हेतु छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत् प्रस्तुत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक24/11/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 06/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

CMYK




# क्या भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व ?

## 19.50 लाख की मिट्टी-मुरूम सड़क पहली बारिश में बह गई,ग्रामीणों में आक्रोश-जांच की मांग तेज

### क्या गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व के सोनहत,जनकपुर कमर्जी रिहन्द में जम कर हो रही अनियमितताएं?

### क्या सोनहत एवं रामगढ़ परिक्षेत्र की तमाम शिकायतें चली गई ठंडे बस्ते में?

### सोनहत रामगढ़ परिक्षेत्र की शिकायतों पर आखिर क्यों नही हुई कार्यवाही?







-राजन पाण्डेय-

कोरिया/एमसीबी,06 नवंबर 2025 (घटती-घटना)। गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान टाइगर रिजर्व में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। जनकपुर परिक्षेत्र के च्यूल गांव में करीब 19 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बनी मिट्टी-मुरूम सड़क पहली ही बरसात में बह गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण में भारी गड़बड़ी कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया।

आपको बता दे की गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान टाइगर रिजर्व में अनियमितताएं चरम पर हैं, आलम है कि निर्माण कार्यो के नाम पर शासन की राशि का जम कर दुरुयोग किया जा रहा है, और अधिकारियों के द्वारा गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य करवा कर अपनी जेबें गरम करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है,गुरुघासीदास पार्कपरिक्षेत्र जनकपुर अंतर्गत हुए कई कार्य भ्रस्टाचार की भेंट चढ़ गए है, ताजे मामले में च्यूल से आंजी नदियां वे कुंदरा पा. छादा से संकरी घटिया। तक हो यह फिर च्यूल से थोरगी कि पहुँच वन मार्ग हो हाल ही में बनी 5 किलोमीटर की मिटटी मुरूम सड़क पहली ही बारिश में बह गई। लाखों रुपये की लागत से बनी इस सड़क का हश्र देख ग्रामीणों में भारी आक्रोश है,आरोप है कि सड़क निर्माण में भारी भ्रष्टाचार किया गया, मुरम की जगह मिट्टी डाल दी गई और सड़क पर रोलर भी नहीं चली और जगह-जगह से जंगलों से लाई गई अमानक गिट्टी का उपयोग किया गया,जिसके कारण पहली बरसात में ही सड़क उखड़ गई, ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में खानापूर्ति कर एजेंसी पार्क परिक्षेत्र जनकपुर के जिम्मेदार प्रभारी रेंजर ने सरकारी धन का खुला खेल किया,सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि कहीं पर गिट्टी बह गई है तो कहीं केवल मिट्टी ही नजर आ रही है। इस मार्ग से रोजाना गुजरने वाले ग्रामीणों, वनकर्मियों व स्कूली बच्चों की जान जोखिम में पड़ गई है। बरसात के दिनों में इस मार्ग पर चलना दुश्वार हो गया है।

#### घटिया निर्माण ने खोली पोल

ग्रामीणों के अनुसार च्यूल से वॉच टॉवर तक बनी यह लगभग 3 किलोमीटर लंबी सड़क कुछ ही महीनों में जर्जर हो गई। सड़क पर रोलर नहीं चलाया गया, मुरूम की जगह मिट्टी और जंगलों से लाई गई अमानक गिट्टी का उपयोग किया गया। नतीजतन,पहली बारिश में ही सड़क उखड़ गई और जगह-जगह कटाव हो गया। ग्रामीणों का कहना है–यह सड़क नहीं,भ्रष्टाचार का गड्ढा है।

#### वन संपदा को भी नुकसान

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए मिट्टी आसपास के जंगलों से निकाली गई,जिससे वन क्षेत्र को भी नुकसान पहुंचा। उनका आरोप है कि प्रभारी रेंजर और निर्माण एजेंसी की मिलीभगत से यह काम करवाया गया।

#### निरीक्षण नहीं... मिलीभगत ज़्यादा...

वन विभाग के अधिकारियों ने सड़क निर्माण का उचित निरीक्षण तक नहीं किया। यही कारण है कि चार महीने में ही सड़क का अस्तित्व समाप्त हो गया। ग्रामीणों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में जनता के पैसों की बर्बादी और बढ़ेगी।

#### शिकायतें ठंडे बस्ते में

इसी साल सोनहत और रामगढ़ परिक्षेत्र में स्टाफ डेम निर्माण में गड़बड़ी की शिकायतें संचालक बैकुंठपुर से लेकर वन मंत्री और मंत्रालय तक भेजी गई थीं, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई। इससे भ्रष्टाचारियों के हौसले और बुलंद हैं।

#### संचालक के मौन पर उठे सवाल

टाइगर रिजर्व के संचालक लगातार दौरे पर रहते हैं, फिर भी घटिया निर्माण बिना रोकटोक पूरे हो रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि संचालक मौन क्यों हैं? क्या यह सब कुछ ऊंचे स्तर पर संरक्षण प्राप्त कर रहा है?

#### टाइगर प्रोजेक्ट पर संकट

इन सबके बीच यह बड़ा सवाल उठ खड़ा हुआ है कि जब टाइगर रिजर्व क्षेत्र में ही इस तरह की अनियमितताएं चल रही हैं, तो टाइगर प्रोजेक्ट की सफलता पर भरोसा कैसे किया जाए?, स्थानीय जनता का कहना है कि जब तक पार्क प्रशासन पर सख्ती नहीं होती, तब तक टाइगर रिजर्व विकास की जगह भ्रष्टाचार


घटती घटना
अम्बिकापुर,शनिवार 10 मई 2025
5
गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यों के चक्कर में टाईगर रिजर्व का कैसे होगा विकास
टाईगर प्रोजेक्ट पर सवाल
मुख्य मंत्री के आगमन पर करेंगे शिकायत


घटती घटना
अम्बिकापुर,रविवार 11 मई 2025
6
हरियाली और राष्ट्रीय उद्यान के बीच हुआ बड़ा फासला


घटती घटना
अम्बिकापुर,बुधवार 30 अप्रैल 2025
5
गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान में अनियमितताओ की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक होःअनित दुबे
आम जनता को भी है जानने का अधिकार
बड़े अधिकारियों के मिली भगत का लगाया आरोप

#### कोरिया जन सहयोग समिति करेगी पार्क का घेराव : पुष्पेंद्र

कोरिया जन सहयोग समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र राजवाड़े ने कहा कि पार्क परिक्षेत्र में व्याप्त अनियमितताओं के संबंध में पूर्व में कई गई शिकायतों पर जांच व कार्यवाही नही होने से क्षेत्र के लोगो मे भारी नाराजगी है, बहुत जल्द पार्क परिक्षेत्र कार्यालय का घेराव कर जांच एवं कार्यवाही की मांग किया जाएगा।

#### पार्क परिक्षेत्र में अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच होःजनार्दन गुप्ता

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेता जनार्दन गुप्ता ने कहा लंबे समय से हो रही शिकायतों पर जांच व कार्यवाही नहीं होना बेहद दुर्भाग्यजनक है, पार्क परिक्षेत्र के अनियमितताओं पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया।

#### जनता और संगठनों में रोष...दायर करेंगे जनहित याचिकाःजयचन्द

सोनहत क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता जयचंद सोनपाकार ने आरोप लगाते हुए कहा की की राष्टीय उद्यान में अवैध रूप से गिटटी एवं रेत उत्खनन कर गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्यो में प्रयुक्त किया जा रहा है। जो कि सीधे सीधे नियम विपरीत है कही तालाब टूट रहे हैं कही मिट्टी मुरुम सड़क बह जा रही है, बस कुछ नही हो रहा तो वह है जांच और कार्यवाही, जयचन्द ने कहा कि अब प्रशासन से जांच की उम्मीद नही बची है,जय चंद ने कहा कि पार्क के मामले में जल्द ही न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे।

#### घटिया निर्माण का सिलसिला जारी





सूत्रों के अनुसार,टाइगर रिजर्व के विभिन्न परिक्षेत्र सोनहत,रामगढ़,जनकपुर और कमर्जी में घटिया निर्माण का सिलसिला जारी है,चेकडैम,एनीकट,स्टाफ डेम जैसे कार्यों में जंगली पत्थर और गोल भुरभुरे बोल्डर का उपयोग कर खानापूरी की जा रही है,नियम-कायदे ताक पर रखकर करोड़ों की परियोजनाएं गुणवत्ता रहित तरीके से पूरी की जा रही हैं।



CMYK

## राजिम में दर्दनाक हादसा : अनियंत्रित होकर दलदल से भरे तालाब में गिरी कार,सहायक नेत्र अधिकारी की मौत



**गरियाबंद,06 नवम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले से एक हृदयविदारक खबर सामने आई है। राजिम थाना क्षेत्र के किरवई गांव में बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में फिंगेश्वर के जामगांव स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ सहायक नेत्र अधिकारी डॉ. नितेश सिन्हा की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार,घटना बुधवार रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। डॉ. नितेश सिन्हा अपनी कार से राजिम की ओर से लौट रहे थे,तभी अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे स्थित दलदल भरे तालाब में जा गिरा। तालाब में गहराई और दलदल अधिक होने के कारण कार कुछ ही देर में धंसती चली गई।

### सहायक नेत्र अधिकारी डॉ. नितेश सिन्हा की मौत

स्थानीय लोगों ने घटना को देखा तो तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और इसकी सूचना राजिम पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों की मदद से कार को क्रेन की सहायता से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कार के अंदर फंसे डॉ. नितेश सिन्हा की मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान अभनपुर ब्लॉक के केन्द्री गांव निवासी डॉ. नितेश सिन्हा के रूप में हुई है। वे फिंगेश्वर के जामगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सहायक नेत्र अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। बताया जा रहा है कि वे किसी निजी कार्य से राजिम आए हुए थे और लौटते समय यह हादसा हो गया।

## अब राजनांदगांव प्रशासन पर उठे सवाल
## सम्मान के नाम पर किया गया अपमान! कचरा गाड़ियों में लाई गईं लखपति दीदियां



**राजनांदगांव,06 नवम्बर 2025।** राज्योत्सव 2025 संम्पन्न हो गया है। लेकिन इसकी चर्चाएं अभी भी हो रही है। रायपुर में मंत्रियों और नेताओं के कट आउट को मवेशी ढोने वाले वाहन में देखा गया। इस मामले पर 2 इंजीनियर और 1 इंस्पेक्टर को सस्पेंड किया गया। अब इसी तरह का मामला फिर सामने आया है। अब की बार राजनांदगांव प्रशासन पर सवाल उठ रहे है। दरअसल आरोप है कि बिहान योजना के तहत आत्मनिर्भर बन चुकी महिलाओं का सम्मान से पहले अपमान किया गया। उपराष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होने वाली इन लखपति दीदियों को प्रशासन ने जिस तरह आयोजन स्थल तक पहुंचाया, उसने लोग काफी नाराज है। उन्हें सम्मान के लिए बुलाया गया तो था लेकिन दीदियों कचरा उठाने वाली गाड़ी में लाया गया। जिसकी तस्वीरें खूब वायरल हो रही हैं। जिला पंचायत की बिहान योजना के अंतर्गत सरकारी लोन लेकर अपने पैरों पर खड़ी हुई महिलाएं अब सफल उद्यमी बन चुकी हैं। इन्हीं महिलाओं को सम्मानित करने के लिए उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन बुधवार को राजनांदगांव पहुंचे थे। स्टेट स्कूल में आयोजित समारोह में इन दीदियों को आत्मनिर्भरता की मिसाल के रूप में सम्मान मिलना था, लेकिन कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था ने सारी मर्यादाएं तोड़ दीं।

## छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाला
# हाईकोर्ट ने सरकार की अपील खारिज की 37 सिलेक्टेड कैंडिडेट्स को नियुक्ति का आदेश

**बिलासपुर,06 नवम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की 2021-22 भर्ती प्रक्रिया से जुड़े बहुचर्चित घोटाले के मामले में गुरुवार को बड़ा फैसला आया है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए सिंगल बेंच के फैसले को बरकरार रखा है। कोर्ट ने कहा कि जिन अभ्यर्थियों के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अब तक कोई चार्जशीट दाखिल नहीं की है, उन्हें नियुक्ति से वंचित रखना उचित नहीं है। इस आदेश के साथ ही 37 चयनित अभ्यर्थियों के लिए नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। डिवीजन बेंच में मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बी.डी. गुरु की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि 'जब तक किसी अभ्यर्थी के खिलाफ आपराधिक चार्जशीट दाखिल नहीं होती, तब तक उसे केवल संदेह के आधार पर नियुक्ति से रोका जाना न्यायोचित नहीं माना जा सकता।' मामला वर्ष 2021-22 की



राज्य सेवा परीक्षा से जुड़ा है। इस परीक्षा के माध्यम से कुल 171 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया चलाई गई थी।

प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह आरोप सामने आए कि चयन में राजनीतिक प्रभाव और प्रशासनिक अधिकारियों के रिश्तेदारों को प्राथमिकता दी गई। शिकायतों के बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई। जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए और इस घोटाले में शामिल 7 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। सीबीआई जांच के बाद शासन ने उन अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर रोक लगा दी जिनके नाम संदेहास्पद सूची में थे। इसके साथ ही शासन ने पूरी चयन प्रक्रिया को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया था।

### अभ्यर्थियों ने दायर की थी याचिका

सरकार के इस फैसले के खिलाफ चयनित अभ्यर्थियों ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई के दौरान सिंगल बेंच ने आदेश दिया था कि जिन अभ्यर्थियों के खिलाफ कोई चार्जशीट दाखिल नहीं हुई है, उन्हें नियुक्ति दी जाए। राज्य शासन ने इस फैसले को चुनौती देते हुए चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में अपील दायर की थी। लेकिन डिवीजन बेंच ने अब सिंगल बेंच के आदेश को सही ठहराते हुए सरकार की अपील को खारिज कर दिया।

### कोर्ट ने कही यह अहम बात

कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि, 'केवल जांच लंबित होने के आधार पर किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति से वंचित रखना उचित नहीं है। जब तक चार्जशीट दाखिल नहीं होती, किसी व्यक्ति को दोषी नहीं माना जा सकता।'

### अभ्यर्थियों के लिए बड़ी राहत

इस निर्णय के बाद अब उन 37 चयनित उम्मीदवारों के लिए राहत का रास्ता खुल गया है, जो लंबे समय से अपनी नियुक्ति का इंतजार कर रहे थे। कोर्ट के इस फैसले को अभ्यर्थियों के लिए बड़ी जीत और न्यायपालिका द्वारा दी गई न्यायिक निष्पक्षता का उदाहरण बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि शासन को अब जल्द ही 37 चयनित उम्मीदवारों की ज्वाइनिंग प्रक्रिया शुरू करनी होगी।

## खैरागढ़ में 17 लाख की इनामी महिला नक्सली का सरेंडर
### 14 साल सक्रिय रही,पुलिस बलों पर हमले की प्लानिंग में शामिल होती थी...

**खैरागढ़,06 नवम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ के खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 17 लाख की इनामी महिला नक्सली ने सरेंडर किया है। कमला सोड़ी उर्फ उंगी उर्फ तरूणा (30 साल) पिछले 14 साल से नक्सली संगठन से जुड़ी थी। वह हार्डकोर नक्सली थी। जिसने 6 नवंबर को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। कमला 3 राज्यों में सक्रिय थी। वह माड़ डिवीजन,बस्तर एमएमसी (मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन की सक्रिय सदस्य थी और एमएमसी जोन प्रभारी रामदर की टीम में प्रमुख भूमिका निभाती थी। इस दौरान वह कई हिंसक वारदातों और पुलिस बलों पर हमले की योजनाओं में शामिल रही।



### साल 2011 में नक्सली संगठन से जुड़ी

कमला सोड़ी मूल रूप से सुकमा जिले के अरलमपल्ली गांव की रहने वाली थी। साल 2011 से प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) से जुड़ी थी। महाराष्ट्र (गोंदिया जिला) और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में सक्रिय थी। तीनों राज्यों की पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर कुल 17 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था।

**नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए कर रहे प्रेरित :** पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शासन की विकासोन्मुखी नीतियों, ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्यों, सड़क और संचार सुविधाओं के विस्तार तथा सिविक एक्शन कार्यक्रमों के कारण नक्सल प्रभावित इलाकों में विश्वास का माहौल बन रहा है। सुरक्षा बलों द्वारा निरंतर संवाद और जनसंपर्क से नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी मुहिम से प्रभावित होकर कमला सोड़ी ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया।

### सरेंडर करने पर मिला 50 हजार

आत्मसमर्पण के बाद कमला सोड़ी को छत्तीसगढ़ शासन की नीति के तहत तत्काल 50,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। साथ ही, पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। राजनांदगांव आईजी अभिषेक शांडिल्य ने कहा कि यह आत्मसमर्पण शासन की नीतियों और सुरक्षा बलों की निरंतर कोशिशों का नतीजा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कमला सोड़ी का यह कदम अन्य सक्रिय नक्सलियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। यह आत्मसमर्पण शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति-2025 के तहत हुआ है, जिसे नक्सल उन्मूलन अभियान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

## डिप्टी सीएम ने राहुल-तेजस्वी को घेरा
### विजय शर्मा बोले...राहुल बाबा को एसआईआर पर भरोसा नहीं,तेजस्वी सिर्फ चाहते हैं सत्ता

**रायपुर,06 नवम्बर 2025।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला। पटना में मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी को एसआईआर पर भरोसा रखना चाहिए। मतदाता सूची का शुद्धिकरण ही एसआईआर है। अगर गलती हुई है तो सुधार भी हो रहा है। उन्होंने यह बयान विपक्ष की तरफ से मतदाता सूची को लेकर उठाए गए सवालों के जवाब में दिया है।



**राहुल गांधी सेना को बदनाम कर रहे :** राहुल गांधी के विदेशी दौरों पर निशाना साधते हुए विजय शर्मा ने कहा कि, सेना के पराक्रम पर भरोसा रखो, विदेश जाकर भारत को बदनाम मत करो। उन्होंने नक्सलवाद पर सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि, हिंसा छोड़ो, सरकार तुम्हें पुनर्वास देगी, लेकिन हिंसा की राह पर चले तो अंजाम भुगतना पड़ेगा।

**लालू परिवार को सिर्फ सत्ता चाहिए :** तेजस्वी यादव के दो करोड़ नौकरी देने के वादे पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि, लालू परिवार को सत्ता चाहिए, जनता को नौकरी नहीं। बिहार की जनता अब वादों के जाल में नहीं फंसने वाली है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में एनडीए की लहर चल रही है। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिर से कमल खिलाने को तैयार है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे जाति और वादों की राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में वोट करें।

# बिलासपुर में एक ही ट्रैक पर दौड़ने लगीं 3 ट्रेनें यात्रियों में मचा हड़कंप,जान बचाने कूद पड़े

**बिलासपुर,06 नवम्बर 2025।** रेल हादसे के दो दिन बाद ही एक बार फिर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यात्रियों के लिए गुरुवार का दिन दहशत भरा साबित हुआ, जब एक ही ट्रैक पर तीन ट्रेनें एक साथ दौड़ने लगीं। दरअसल, कोरबा मेमू लोकल ट्रेन के आगे और पीछे दो मालगाड़ियां आ गईं। स्थिति इतनी खतरनाक हो गई थी कि थोड़ी सी चूक बड़ी दुर्घटना में बदल सकती थी। गनीमत रही कि समय रहते ट्रेनों को रोक दिया गया और किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।



### एक ही ट्रैक पर दौड़ने लगीं तीन ट्रेनें

यह घटना कोटमीसोनार और जयरामनगर स्टेशन के बीच की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अचानक यात्रियों को पता चला कि जिस ट्रैक पर उनकी ट्रेन खड़ी है, उसी पर आगे और पीछे दो मालगाड़ियां भी मौजूद हैं। यह दृश्य देखते ही ट्रेन में हड़कंप मच गया। कई यात्री घबराकर ट्रेन से नीचे उतरने लगे। किसी ने पटरी पर छलांग लगा दी तो कोई अपने सामान के साथ दौड़ पड़ा। महिलाएं और बच्चे भयभीत होकर रोने लगे। कुछ यात्री लगातार प्रार्थना करते रहे कि किसी तरह हादसा न हो।

**क्या है वजह :** रेलवे सूत्रों के अनुसार, यह पूरा मामला ऑटो सिग्नल प्रणाली से जुड़ा हुआ है। इस प्रणाली में एक ही ट्रैक पर कई ट्रेनें सीमित दूरी बनाए रखते हुए चलाई जा सकती हैं। हालांकि, यात्रियों को इस तकनीकी जानकारी का अंदाजा नहीं था। जब उन्होंने ट्रेन के आगे-पीछे मालगाड़ियां देखीं,तो उन्हें लगा कि टक्कर हो सकती है। सुरक्षा की दृष्टि से ड्राइवर ने ट्रेन को तुरंत रोक दिया और इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को दी गई। रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। तत्पश्चात ट्रैक पर अन्य ट्रेनों की आवाजाही को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। तकनीकी जांच के बाद ही रेल संचालन को सामान्य किया गया। घटना के बाद यात्रियों में आक्रोश और भय का माहौल बना रहा। कई यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से सवाल किया कि आखिर दो दिन पहले ही बड़ा हादसा होने के बाद भी सुरक्षा मानकों को लेकर इतनी लापरवाही क्यों बरती जा रही है। वहीं, रेलवे का कहना है कि इस घटना में किसी भी तरह की मानवीय गलती नहीं थी और पूरी स्थिति सिग्नलिंग सिस्टम की प्रक्रिया के तहत नियंत्रित थी। फिलहाल, रेलवे ने इस पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।

## रायपुर के फार्महाउस में शादीशुदा महिला से गैंगरेप
### बीएफ से पैचअप करवाने के बहाने लें गए आरोपी,फिर मिटाई हवस की प्यास

**रायपुर,06 नवम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। जहां एक महिला को बर्थडे पार्टी का बहाना बनाकर फार्महाउस पर बुलाया गया और फिर यही गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया। घटना रायपुर के धरसींवा थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी महिला को उसके बॉयफ्रेंड के बर्थडे पार्टी में मिलवाकर पैचअप करवाने के बहाने लेकर गए। फिर उन्होंने कोल्डड्रिंक में शराब मिलाकर महिला को पिला दिया जिससे वह बेसुध हो गई। फिर आरोपियों ने महिला के साथ गैंगरेप किया। मामले में एक आरोपी पकड़ा गया है, जबकि एक आरोपी फिलहाल फरार बताया जा रहा है, वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। घटना 27 अक्टूबर की है। पीड़ित



महिला मूल रूप से महासमुंद जिले की रहने वाली है, वह वर्तमान में रायपुर में निवास कर रही है। महिला का अपने बॉयफ्रेंड के साथ विवाद के बाद ब्रेकअप हो गया था। दोनों आरोपी आशीष जोशी और रुपेंद्र साहू महिला के बॉयफ्रेंड के दोस्त हैं। जानकारी के अनुसार, राजधानी रायपुर में श्यामनगर के रहने वाले आरोपी आशीष जोशी पीड़ित महिला को जन्मदिन मनाने के बहाने अपनी एक्टिवा में बैठकर रायपुर से धरसीवां के कूंरा शराब दुकान के पीछे स्थित फार्महाउस पर ले जाया। महिला के अनुसार, वहां उसे कोल्ड ड्रिंक में शराब मिलाकर पिलाया गया। इसके बाद आशीष जोशी और उसके साथी रूपेद साहू (निवासी कपसदा) ने उसके साथ गैंगरेप किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी आशीष जोशी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि रूपेद साहू फिलहाल फरार है और उसकी तलाश जारी है।

## फर्जी मतदाताओं का कटना चाहिए नाम:सांसद बृजमोहन
### रायपुर में ठीक से एसआईआर सर्वे हुआ तो एक लाख वोटर्स के नाम कटेंगे

**रायपुर, 06 नवम्बर 2025।** राजधानी रायपुर सहित प्रदेश भर में मतदाता सूची के सत्यापन के लिए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) सर्वे की प्रक्रिया शुरू हो गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे इस सर्वे में मतदाताओं के नाम, पते और पहचान का मिलान किया जा रहा है। सर्वे के दौरान ऐसे नाम चिह्नित किए जा रहे हैं, जो या तो दोहरी प्रविष्टियों में दर्ज हैं या अब संबंधित क्षेत्र में नहीं रहते हैं। रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने एसआईआर की प्रक्रिया को सही बताया है। उन्होंने कहा कि, एसआईआर की जांच पूरी ईमानदारी से होगी तो रायपुर से एक लाख मतदाताओं के नाम हट जाएंगे। ये वो मतदाता है, जो रायपुर छोड़ चुके है या उनकी मौत हो चुकी है। सांसद ने फर्जी मतदाताओं के नाम काटने की बात कही है।

**निर्वाचन अधिकारियों की आम जनता से अपील :** राज्य निर्वाचन आयुक्त यशवंत कुमार ने प्रदेश के आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने नाम, पते और पहचान संबंधी जानकारी की पुष्टि कर लें। जिससे मतदाता सूची में किसी तरह की गलती न रह जाए। वहीं, रायपुर कलेक्ट्रेट के रेडक्रॉस



सभाकक्ष में गुरुवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम और कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने बूथ लेवल एजेंट जल्द नियुक्त करें, ताकि वे बूथ लेवल अधिकारी के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर सकें कि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे।

## छत्तीसगढ़ फ्लोरमैक्स घोटाला : 40 हजार आदिवासी महिलाओं से ठगी पर सीबीआई जांच के संकेत से दोषियों में हड़कंप..

**रायपुर/कोरबा,06 नवम्बर 2025।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में फ्लोरमैक्स कंपनी द्वारा 40 हजार आदिवासी महिलाओं से की गई अरबों रुपए की कथित महाठगी के मामले में अब केंद्रीय हस्तक्षेप के बाद बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। पूर्व गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता ननकीराम कंवर की शिकायत पर केंद्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इसे गंभीरता से लिया है और उच्च स्तरीय जांच के सख्त निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर समयबद्ध तरीके से निपटाने और संपत्ति जब्त करने



का आदेश दिया है। आयोग के हस्तक्षेप के बाद इस बड़े पैमाने के घोटाले की सीबीआई जांच तय मानी जा रही है, जिससे दोषियों में हड़कंप मच गया है।

**पूर्व गृहमंत्री की शिकायत पर आयोग हुआ सख्त :** वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर ने 9 दिसंबर 2024 को आयोग को शिकायत सौंपकर मामले की जांच केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) से कराने और पीड़ित महिलाओं को राहत देने की मांग की थी। शिकायत को गंभीर मानते हुए आयोग ने मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर रिपोर्ट मंगवाई। रिपोर्ट मिलने के बाद 16 अक्टूबर 2025 को हुई सुनवाई में मुख्य सचिव की ओर से संभाग आयुक्त बिलासपुर सुनील कुमार जैन ने आयोग के समक्ष पक्ष रखा।

**13 आरोपी गिरफ्तार, 3 अब भी जेल में.. :** संभाग आयुक्त सुनील कुमार जैन ने बताया कि धोखाधड़ी के इस मामले में अब तक फ्लोरमैक्स कंपनी के 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से 10 आरोपियों को जमानत मिल चुकी है, जबकि 3 आरोपी अभी भी जेल में हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जांच अधिकारी पीड़ित महिलाओं को मुआवजा दिलाने के लिए आरोपियों की संपत्तियों की तलाश कर रहे हैं, जिनमें से कुछ संपत्तियां बरामद भी की जा चुकी हैं। जैन ने आयोग को आश्वस्त किया कि मामला शीघ्र, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सुलझाया जाएगा। सुनवाई के बाद आयोग ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कई महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं, जो इस प्रकार हैं मामला गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के आर्थिक शोषण से जुड़ा है, इसलिए एससी/एसटी(अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर इसे समयबद्ध तरीके से निपटाया जाए। यह बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का मामला है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए।

छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

माँ भारती को समर्पित
देशभक्ति और आध्यात्मिकता के
भाव से भरा गीत

# वन्दे मातरम्

राष्ट्रीय गीत के
150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर

## सामूहिक 'राष्ट्रीय गीत' गायन

कार्यक्रम का शुभारंभ

यशस्वी प्रधानमंत्री

## श्री नरेन्द्र मोदी जी

के द्वारा

**7 नवंबर 2025, शुक्रवार**

सुबह 10 से 11 बजे तक



ग्राम पंचायत से प्रदेश स्तर तक सभी शासकीय कार्यालय, शैक्षिक और अन्य संस्थानों में 4 चरणों में साल भर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| पहला चरण | 7-14 नवंबर 2025 |
| दूसरा चरण | 19-26 जनवरी 2026 |
| तीसरा चरण | 7-15 अगस्त 2026 |
| चौथा चरण | 1-7 नवंबर 2026 |

### वन्दे मातरम्।

सुजलाम् सुफलाम् मलय़जशीतलाम्,
शस्यश्यामलाम् मातरम्। वन्दे मातरम्।। 1।।

शुभ्रज्योत्स्ना पुलकितयामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीम् सुमधुरभाषिणीम्,
सुखदाम् वरदाम् मातरम्। वन्दे मातरम्।। 2।।

कोटि-कोटि कण्ठ कल-कल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
के बॉले माँ तुमि अबले,
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीम्,
रिपुदलवारिणीं मातरम्। वन्दे मातरम्।। 3।।

तुमि विद्या तुमि धर्म, तुमि हृदि तुमि मर्म,
त्वम् हि प्राणाः शरीरे, बाहुते तुमि माँ शक्ति,
हृदय़े तुमि माँ भक्ति, तोमारेई प्रतिमा गड़ि मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम् ।। 4।।

त्वम् हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी, नमामि त्वाम्,
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्। वन्दे मातरम्।। 5।।

श्यामलाम् सरलाम् सुस्मिताम् भूषिताम्,
धरणीम् भरणीम् मातरम्। वन्दे मातरम्।। 6।।

हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें

आइए, हम सभी इस ऐतिहासिक क्षण को
गर्व और उल्लास के साथ मनाने का संकल्प लें।

वन्दे मातरम्!!



DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण
डीडी न्यूज़ पर देखें

संवाद 45814/41

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050,डॉक रजिस्टर्ड क्र.:-13/सरगुजा/डीएन/2023-2025-मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)